You Tube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar



हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित



रेखा गुप्ता ने ली दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ....01

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

सपा प्रमुख अखिलेश यादव बोले- बजट ढोल की........01

वर्ष: 02 अंक: 216 | बदायूं, शुक्रवार 21 फरवरी 2025 | पृष्ठ- 08 | मूल्य- 4.00 रूपये

### दिल्ली में अब से रेखा राज...

## रेखा गुप्ता ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली

**दिल्ली।** में नई सरकार का गठन हो गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके कैबिनेट ने गुरुवार को रामलीला मैदान में शपथ ली। उसके बाद पूरा कैबिनेट दिल्ली सचिवालय में अपने अपने पद संभालने के लिए पहुंचा। इस सबके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला।

रेखा गुप्ता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को एक-एक पैसा का हिसाब देना होगा। अपनी सरकार को लेकर बोलीं, विकसित दिल्ली का जो वादा किया है उसको पूरा करेंगे। एक भी दिन व्यर्थ नहीं किया जाएगा। दिल्ली के लोगों से अपील



करते हुए कहा कि सीएम का दफ्तर उनके लिए खुला है। 5 बजे हम यमुना आरती के लिए जाएंगे। 7 बजे कैबिनेट की बैठक होगी। उसमें मिलकर एजेंडा तय करेंगे।

दिल्ली की नई सरकार में मुख्यमंत्री के साथ छह मंत्रियों ने भी शपथ ली। प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, पंकज सिंह, मनजिंदर सिरसा, कपिल मिश्रा, रविंद्र इंद्राज दिल्ली में कैबिनेट मंत्री बने।

सीएम की रेस में रहने वाले नई दिल्ली से विधायक चुने गए प्रवेश वर्मा को भी दिल्ली की नई कैबिनेट में शामिल किया गया है। नई दिल्ली सीट पर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा सीएम की रेस में सबसे आगे थे।

कपिल मिश्रा को भी दिल्ली की नई कैबिनेट में शामिल किया गया। करावल नगर से विधायक कपिल मिश्रा ने भी आज मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने करावल नगर से दूसरी बार जीत हासिल की है। भाजपा से पहले वह आम आदमी पार्टी में भी रह चुके हैं।

रेखा गुप्ता के साथ आशीष सूद ने भी आज मंत्री पद की शपथ ली। आशीष सूद जनकपुरी से चुनाव जीते हैं। वे पहली बार विधायक बने हैं। इससे पहले आशीष पार्षद रहे हैं। वे भाजपा के गोवा व जम्मू कश्मीर के प्रभारी भी हैं। सूद पंजाबी समाज से आते हैं। प्रदेश भाजपा नेतृत्व भी पंजाबी समाज से ही है। मनजिंदर सिंह सिरसा को भी दिल्ली की नई कैबिनेट में शामिल किया गया। वह राजौरी गार्डन से विधायक हैं। तीसरी बार विधायक बने सिरसा दिल्ली में भाजपा का सिख चेहरा हैं। साल 2021 में मनजिंदर सिंह सिरसा शिरोमणि अकाली दल से भाजपा में शामिल हुए थे।

विकासपुरी से जीत हासिल करने वाले विधायक पंकज सिंह ने भी मंत्री पद की शपथ ली। पंकज सिंह एमसीडी में भी अहम पदों पर रह चुके हैं। वह दांतों के डॉक्टर हैं। उनकी पत्नी रश्मि कुमारी भी डेंटिस्ट हैं। पंकज के पास बीडीएस की डिग्री है। बिहार के बक्सर के रहने वाले पंकज सिंह विकासपुरी से जीतकर पहली बार विधायक बने हैं।

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव बोले- बजट ढोल की तरह अंदर से खोखला

### मायावती बोलीं मध्यम वर्ग का तुष्टिकरण किया

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि ये भाजपा सरकार का नौवां बजट है। ये बजट नहीं बल्कि बहुत बड़ा ढोल है जिसमें आवाज तो बहुत है पर अंदर से खोखला है। उन्होंने कहा कि इसे देखकर किसानों की उम्मीदों का खेत सूख गया है। महिलाओं के माथे पर घर चलाने की चिंता की लकीरें उभर आई हैं। आम जनता के लिए इसमें कुछ नहीं है लोग कह रहे हैं कि सरकार का प्रवचन तो गया है अब बजट कब आएगा।

उन्होंने कहा कि बजट देखकर मंत्री और विधायक भी निराश हैं क्योंकि इसमें उनके अपने विभाग के लिए कुछ नहीं है। आखिर उन्हें ही जनता को फेस करना है। भाजपा ने इस बजट में भी अपने



संकल्प पत्र के वादे पूरे नहीं किए हैं। ये उनका नौवां बजट है।

अखिलेश यादव ने कहा कि बजट में महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने के लिए कुछ भी नहीं है। प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश होने पर उन्होंने कहा कि बजट बड़ा होने से कुछ नहीं होता है सवाल ये है कि इसमें युवा, किसान और बेरोजगारों और महिलाओं को क्या मिला है। इस वर्ष के बाद योगी सरकार अपना आखिरी बजट पेश करेगी जिसके बाद नई सरकार सत्ता में आएगी। बिना विजन वाला बजट है।

मायावती ने यूपी के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर कहा कि यूपी सरकार द्वारा विधानसभा में आज पेश 2025-26 का बजट यदि व्यापक जनहित व जनकल्याण का ज्यादा होता तो यह बेहतर होता, जबकि बजट में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने व आमजन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति पर्याप्त सरकारी नीयत-नीति का अभाव है। ऐसे सही विकास कैसे संभव है?

### एक नजर

#### मुख्यमंत्री योगी ने नई सीएम रेखा गुप्ता को दी बधाई

**दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में दिल्ली सुशासन और सुरक्षा का आदर्श मानक बनेगी।

उन्होंने एक्स पर कहा कि रेखा गुप्ता जी को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हृदयतल से बधाई व शुभकामनाएं!

पूर्ण विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन व आपके कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली डबल इंजन की भाजपा सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों के साथ समग्र विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करते हुए सुरक्षा, सुव्यवस्था और सुशासन के आदर्श मानक स्थापित करेगी।

उत्तर प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2025-2026 के बजट प्रस्तुतीकरण में व्यस्तता के कारण आपके शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित नहीं हो पा रहा हूं। पुनश्च शुभकामनाएं। बता दें कि दिल्ली में भाजपा ने 27 साल बाद सरकार बनाने में सफलता प्राप्त की है।

## गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में योगी सरकार करेगी मदद, 200 करोड़ का प्रावधान

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। गुरुवार को विधानसभा में प्रस्तुत किया गया बजट प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 08 लाख 08 हजार 736 करोड़ 06 लाख रुपये है जो वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है। इस बजट में समाज के प्रत्येक वर्ग के समावेशी विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार ने वृद्धजन, किसान, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन और अल्पसंख्यकों के कल्याण के



लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए बजट आवंटित किया है।

बजट में पिछड़े वर्गों के विकास को भी प्राथमिकता दी गई है। पिछड़ा वर्ग पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत 2825 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, पिछड़े वर्ग के निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिलाने हेतु 35 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित की गई है। इससे प्रदेश के हजारों युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। योगी सरकार ने समाज के वरिष्ठ नागरिकों और किसानों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वृद्धावस्था/किसान पेंशन योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को 1000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दे रही है। इस योजना के लिए बजट में 8105 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। इससे प्रदेश के लाखों वृद्धजनों और किसानों को राहत मिलेगी। इसके अलावा, कमजोर वर्ग की बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता देने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को और मजबूती दी गई है, जिसके लिए 550 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### युवाओं को ब्याज मुफ्त लोन... छात्राओं को स्कूटी, चार नए एक्सप्रेस-वे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का 9वां बजट गुरुवार को पेश किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आठ लाख, आठ हजार 736 करोड़ का बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए बजट में कई बड़े एलान किए हैं। यूपी सरकार ने इस बजट में युवाओं को लुभाने के लिए कई घोषणाएं की हैं। युवाओं को नौकरियों के साथ स्टार्टअप और उद्योग के लिए ब्याजमुक्त लोन देने का प्रवाधान किया गया है। साथ ही छात्राओं को स्कूटी देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही प्रदेश में यातायात को सुगम करने के लिए चार नए एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजोंध्चिकित्सा संस्थानोंध् विश्वविद्यालयों स्थापित करने के लिए भी बजट में व्यवस्था की गई है। 92.919 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी वर्ष 2017 से दिसम्बर 2024 तक आरक्षी एवं समकक्ष, उप निरीक्षक एवं समकक्ष तथा लिपिक संवर्ग आदि के विभिन्न पदों पर कुल 1,56,206 भर्तियां की गई।

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिर्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना कहा-

### खतरे में देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता

**दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को मोदी सरकार पर निशाना साधा। खरगे ने कहा कि चीन अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर 90 नए गांव बसा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार देश की राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को खतरे में डाल रही है। एक्स पर पोस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की प्राथमिकता पीआर स्टंट और झूठे विज्ञापन है, राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं।

मल्लिकार्जुन खरगे ने लिखा कि नरेंद्र मोदी जी आप चीन को लाल आंख दिखाने के बजाय लाल सलाम की नीति अपना रहें हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, भौगोलिक संप्रभुता एवं अखंडता सर्वोपरि है। मोदी सरकार इसे खतरे में डाल रही है। हमारा आरोप बड़ी



जिम्मेदारी के साथ है और तथ्यों के आधार पर है।

उन्होंने लिखा कि चीन ने अरुणाचल के बॉर्डर पर 90 नए गांव बसाने शुरू कर दिए हैं। समाचार पत्रों का कहना है कि पहले हमारी सीमा पर 628 ऐसे गांव चीन बसा चुका है। मोदी सरकार सीमा पर वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का खूब प्रचार करती है। संसद में भी आपने खूब बढ़ा-चढ़ाकर इसका बखान किया है। लेकिन सच्चाई यह है कि पिछले दो वर्षों में इस कार्यक्रम का 90 फीसदी फड खर्च नहीं हुआ है। खरगे ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जहां 75 गांव सुधारने हैं, वहां केंद्र की मोदी सरकार ने ना के बराबर राशि दी है। दिसंबर 2024 में चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की घोषणा की।

## लूटे गए हथियार को एक हफ्ते के भीतर लौटाएं, नही तो होगी कार्यवाही

**दिल्ली।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने हिंसाग्रस्त राज्य के लोगों से सात दिनों के भीतर लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों को स्वेच्छा से सौंपने का आग्रह किया है। राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि इस अवधि के दौरान हथियार छोड़ने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सात दिनों की अवधि समाप्त होने के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राज्यपाल की ओर से जारी बयान में कहा गया, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को प्रभावित करने वाली दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के कारण बीचे बीस



महीनों से घाटी और पहाड़ी दोनों में मणिपुर के लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी समुदायों को शत्रुता को समाप्त करने और समाज में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए, ताकि लोग अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों में लौट सकें।

इसको लेकर मैं ईमानदारी से सभी समुदायों के लोगों, खासकर घाटी और पहाड़ी के युवाओं से आग्रह करता हूं कि वे स्वेच्छा से आगए हैं और आज से अगले सात दिनों के भीतर लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों, गोला-बारूद को नजदीकी थानों/चौकियों या सुरक्षा बलों के शिविर में सौंप दें।

उन्होंने कहा,मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि अगर ऐसे हथियार तय समय के भीतर वापस कर दिए गए, तो कोई दंडात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की जाएगी। इसके बाद ऐसे हथियार रखने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एन. बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद पूर्वोत्तर राज्य में अनिश्चितता बनी हुई थी। इसके बाद केंद्र ने 13 फरवरी को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था। गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, मणिपुर विधानसभा को भंग कर दिया गया है, जिसका कार्यकाल 2027 तक है।

### दिल्ली में शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक खत्म

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक हुई। यह बैठक रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद की गई। रेखा गुप्ता आज दिल्ली के नौवीं मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। बैठक के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, श्जब भाजपा की सरकार बनती है, तो वह प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार काम करती है। राजस्थान की उप मुखअयमंत्री दिया कुमार ने कहा, यह हर महिला के गर्व और खुशी की बात है कि एक महिला (रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने) को यह मौका मिला है। आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कहा, मैं रेखा गुप्ता को बधाई देता हूं। वह इतिहास बना रही हैं। यह एक सुंदर विजय है। यह भाजपा और एनडीए के लिए मीठी सफलता है। यह (पीएम) मोदी, (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह और भाजपा कार्यकर्ताओं की लगातार मेहनत का परिणाम है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मृत्यु कुंभ वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी और कहा, मुझे लगता है कि यह कहना सही नहीं है।

अमर भास्कर

आवश्यकता है-

अमर भास्कर

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल)

को पूरे देश में प्रदेश स्तर, मण्डल स्तर जिला स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक एवं थाना स्तर पर अनुभवी एवं शिक्षित संवाददाता एवं विज्ञापन प्रभारियों की।

संपर्क करें:-

मोबा. 9411214614, 9058143211, 7599339198

ऑफिस:-

निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक, बदायूँ (उ.प्र.)- 243601

www.amarbhashkar.com

Email- amarbhashkar21@gmail.com

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभागार में आयोजित हुई बैठक

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) संगीता गौतम की अध्यक्षता में जिला श्रम बन्धु की विशेष बैठक कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में आहूत हुई। अपर जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त करते हुये बैठक प्रारम्भ की गयी।

सहायक श्रम आयुक्त द्वारा बैठक में श्रम विभाग द्वारा संचालित चल रही विभिन्न योजनाओं की पी०पी०टी के माध्यम से जानकारी देते हुये अवगत कराया कि कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिकों को उ०प्र० श्रम कल्याण परिषद् द्वारा उनकी पुत्री के विवाह हेतु ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना, जिला स्तरध्राज्य स्तरध्राष्ट्रीय स्तरध्अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को चेतन चौहान श्रमिक क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना, प्राविधिक शिक्षा हेतु डॉ० ए०पी० जे० अब्दुल कलाम श्रमिक प्राविधिक शिक्षा सहायता योजना, श्रमिक की मृत्यु हो जाने पर दत्तोपत ठेंगड़ी मृतक श्रमिक आर्थिक सहायता योजना संचालित हैं।

इसी प्रकार उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुये बैठक में उपस्थित श्रमिक प्रतिनिधियों को योजनाओं का श्रमिकों के मध्य प्रचार-प्रसार कर उन्हें जागरूक किये जाने का अनुरोध किया। अपर जिलाधिकारी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु दिनांक 23.02.2025 हो आहूत अटल अवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने निर्देश भी प्रदान किये। कांच एवं चूड़ी उद्योग के श्रमिकों की वर्षों से चली आ रही समस्याओं यथा कारखानों में 08 घण्टे कार्य की अवधि, साप्ताहिक अवकाश एवं मिट्टी के तेल अथवा अन्य ईंधन की जगह उसके अन्य वैकल्पिक मूल्यों का समाधान किये जाने पर श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों द्वारा एक मत से जिलाधिकारी महोदय, नगर मजिस्ट्रेट महोदय, उप श्रमायुक्त, आगरा महोदय, पुलिस अधीक्षक (नगर), फिरोजाबाद एवं सहायक श्रमायुक्त का धन्यवाद दिया गया एवं अध्यक्षा को पुष्प गुच्छ भेंट किया।




सहायक श्रमायुक्त द्वारा बताया गया कि सेवायोजक एवं श्रमिकों के मध्य दिनांक 14.02.2025 को समझौता हुआ है जिसमें श्रमिक पक्ष द्वारा मिट्टी के तेल के स्थान पर चार सौ रू० प्रति सौ तोड़ा दिलाये जाने पर सहमति बनी और समझौता पूर्ण कराया दिया गया। यह समझौता दिनांक 15.02.2025 से प्रवर्तनीय होगा, बैठक में उपस्थित श्रमिक पक्ष के प्रतिनिधियों द्वारा आश्वासन दिया कि दिनांक 14.02.2025 को हुये समझौते के अनुसार श्रमिक प्रतिनिधि अपनी समस्याओं को लेकर बगैर पूर्वानुमति से धरना, हडताल इत्यादि नहीं करेंगे। संजीव यादव ने अटल आवासीय विद्यालयों में श्रमिकों के बच्चों के प्रवेश परीक्षा हेतु अथक परिश्रम कर 150 से अधिक श्रमिकों के आवेदन कराये जिसकी बैठक में अध्यक्षा द्वारा प्रशंसा की गयी।

राधा देवी शंखवार ने अवगत कराया कि उनके संगठन के द्वारा समझौता कराने में बहुत परिश्रम किया गया है, राष्ट्रीयता को प्राथमिकता देते हुये जिला प्रशासन के सहयोग से चार सौ रू० प्रति सौ तोड़ा मजदूरी बढ़ी है, सभी श्रमिक उसका स्वागत करते हैं और गाहे-बगाहे हड़ताल कर अशांति फैलाकर त्यौहारों के मौसम में मजदूरों के पेट पर लात मारने के असमाजिक तत्वों के प्रयासों को सिटी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक (नगर), उप श्रमायुक्त, सहायक श्रमायुक्त के प्रयासों से असफल हुआ है। रामदास मानव ने इसे मजदूरों के लिये नये दौर का आगाज बताते हुये समझौते का स्वागत किया। भविष्य में मजदूरों की अन्य समस्याओं को चिन्हित कर श्रम बन्धु की बैठक के माध्यम से समाधान किये जाने के अपर जिलाधिकारी के सुझाव से रामदास मानव, राधा देवी शंखवार, नवल सिंह, रमाकान्त इत्यादि श्रमिक नेता सहमत हुये। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद, यशवन्त कुमार, सहायक श्रम आयुक्त, विवेक कुमार त्रिवेदी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, शिवशंकर पाल, श्रम प्रवर्तन अधिकारी संदीप कुमार सहायक प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, फिरोजाबाद, सुदेश यादव नगर निगम फिरोजाबाद एवं श्रमिक संगठनों में भारतीय मजदूर संघ की ओर से राजीव यादव एवं रमाकान्त, कांच उद्योग क्रांतिकारी मजदूर संघ से नवल सिंह एडवोकेट, कांच एवं चूड़ी उद्योग मजदूर संघ से राधा देवी शंखवार, कांच एवं चूड़ी मजदूर सभा (अपंजीकृत) से रामदास मानव, हाकिम सिंह निमोरिया एवं माउथ ब्लोइंग वर्कस यूनियन की ओर से संजीव नारायण, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं-बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है।



मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा 'गाँव, कस्बों, मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड, बाजार, गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों' पर बालिकाओं-महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओंध्बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है । शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं-बालिकाओं को शासन यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों' के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है । महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

## एक्सपोर्ट पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**अलीगढ़।** लॉक्स और हार्डवेयर निर्माता एसोसिएशन और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, एमएसएमई, (भारत सरकार) द्वारा संयुक्त रूप से प्रोक्योरमेंट एंड मार्केटिंग सपोर्ट पीएमएस योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के लिए एक दिवसीय एक्सपोर्ट प्रमोशन पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 27 फरवरी को मैरिस रोड स्थित एक होटल में किया जा रहा है। इस बात की जानकारी पवन खण्डेलवाल ने दी है। उन्होंने कहा कि भाइयों को एक्सपोर्ट प्रमोशन हेतु संभावित ग्राहकों और खरीदारों से जुड़ने का तरीका बताएंगे और एक्सपोर्ट प्रमोशन हेतु साथी लाभार्थियों और उद्योग विशेषज्ञ के साथ नेटवर्क बनाने की जानकारी दी जाएगी के अलावा एक्सपोर्ट प्रमोशन से जुड़े अधिकारियों से मिलना और बातचीत करने का रास्ता सुगम किया जाएगा।

## 25 फरवरी को नुमाइश का आयोजन बंद

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों और जिले के प्रमुख शिव मंदिर प्रमुखों व मेला कमेटियों के प्रभारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने मन्दिर प्रबन्धकों एवं आयोजकों को पुलिस-प्रशासनिक व्यवस्थाओं में अपेक्षित सहयोग करने के भी निर्देश दिये।



डीएम ने शिवरात्रि से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रवार एसडीएम, एसीएम एवं सीओ को नोडल अधिकारी नामित करते हुए एडीएम सिटी, एसपी सिटी, नगर निगम, जलकल, विद्युत, पीडब्लूडी, ट्रैफिक, नगर स्वास्थ्य अधिकारी को संबंधित आयोजकों के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीओ एवं एसीएम बिजली एवं नगर निगम के सबंधित अधिकारी के साथ शोभायात्रा वाले रूट का भ्रमण करें ताकि सही वस्तुस्थिति से अवगत हो कमियों को दूर किया जा सके। उन्होंने 26 फरवरी तक आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत विभिन्न विभागों के स्तर से कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को काबड़ यात्रा वाले मार्गों पर झाड़ियों के कटान ससमय कराने के निर्देश दिए ताकि आकस्मिक दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

एसएसपी संजीव सुमन ने बताया कि श्रद्धालुओं एवं काबड़ियों की सुविधा व सुरक्षा के दृष्टिगत 25 फरवरी को नुमाइश का आयोजन बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि त्योहार दिवस पर प्रातः 7 बजे से ही डायवर्जन व्यवस्था लागू कर दी जाती है। हैवी ट्रैफीक वाले चौराहों पर डायवर्जन के साथ ही पुलिस ड्यूटी लगाई जाती है। महाशिवरात्रि पर्व पर कांवड़ियों का सर्वाधिक दवाब रामघाट-कल्याण मार्ग पर रहता है।

उन्होंने काबड़ियों के लिए निर्धारित रूट पर ही आवागमन सुनिश्चित कराने की बात कही। उन्होंने आयोजकों से सभी शिविरों में सुरक्षा के दृष्टिगत फायर सेफ्टी उपकरण एवं सीसीटीवी का इंतजाम करने हैं। उन्होंने बताया कि यातायात समेत अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए एनएसएस, एनसीसी एवं सिविल डिफेंस के वालिंटियर्स को भी लगाया गया है। बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक, एसपी ट्रैफिक मुकेश कुमार उत्तम, एसपी ग्रामीण, नगर मजिस्ट्रेट राम शंकर, सीएमओ डा० नीरज त्यागी समेत सभी एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाकुंभ: काफी संख्या में पहुंचे रहे श्रद्धालु

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** महाकुंभ के मौके पर रेलवे में इस बार रिकॉर्ड संख्या में यात्री सफर कर रहे हैं। यह पहला मौका है कि महाकुंभ के अवसर पर सिर्फ ट्रेनों से ही सफर करने वाले यात्रियों की संख्या तीन करोड़ के पार हो चुकी है। अभी महाकुंभ 26 फरवरी तक है, ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों का आंकड़ा चार करोड़ को पार कर सकता है।



महाकुंभ के मौके पर रेलवे प्रशासन ने इस बार 13 हजार रूटीन और स्पेशल ट्रेन चलाए जाने की योजना बनाई, लेकिन भीड़ का आलम यह है कि 18 फरवरी तक ही 13 हजार से ज्यादा रूटीन और स्पेशल ट्रेनों की आवाजाही प्रयागराज और शहर के अन्य रेलवे स्टेशनों से हो चुकी है। जिस हिसाब से यहां यात्रियों की आवाजाही हो रही है, उसे देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि महाशिवरात्रि के पहले ही कुल संचालित ट्रेनों की संख्या 14 हजार के आंकड़े को आसानी से पार कर जाएगी। सोमवार 17 फरवरी की ही बात करें तो प्रयागराज जंक्शन समेत शहर के आठ रेलवे स्टेशनों से कुल 362 ट्रेनों का आवागमन हुआ। इसमें 182 स्पेशल और 170 रूटीन की ट्रेनें रही। इससे 18.60 लाख यात्रियों की आवाजाही हुई। वहीं मंगलवार की शाम छह बजे तक 201 ट्रेनें संचालित की जा चुकी थीं। इसमें 103 स्पेशल और 98 रूटीन की ट्रेनें शामिल रहीं।

उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी का कहना है कि यात्री सुविधा के लिए इस बार रिकार्ड संख्या में स्पेशल ट्रेनों का संचालन हो रहा है। उन्होंने बताया कि13 जनवरी से 16 फरवरी तक ही 3.09 करोड़ यात्री ट्रेनों में सफर कर चुके हैं। बिना स्नान पर्व के भी प्रयागराज जंक्शन व शहर के अन्य रेलवे स्टेशनों पर भीड़ उमड़ी। आलम यह रहा कि मौनी अमावस्या के बाद पहली बार खुसरोबाग आश्रयस्थल रातभर खुला रहा। इसी के माध्यम से लोगों को जंक्शन भेजा गया। इस बीच रेलवे का इमरजेंसी प्लान सोमवार को भी लागू रहा। सभी स्टेशनों से ऑन डिमांड ट्रेनों का संचालन हुआ।

रात नौ बजे तक 308 ट्रेनों का संचालन किया जा चुका था। जंक्शन, छिवकी, नैनी, झूंसी में बहुत सी ट्रेनों के दरवाजे पर यात्री लटक कर रवाना हुए। कुछ स्पेशल की आपातकालीन खिड़की से भी यात्री कोच के अंदर घुसे। वहीं, रूटीन ट्रेनों के आरक्षित कोच के शौचालय में भी यात्री सवार हो गए। रेलवे ने सोमवार को जो ट्रेनें चलाईं, उसमें 118 स्पेशल व 158 नियमित रहीं। माघी पूर्णिमा का स्नान होने के बाद पडेव पहले वीकेंड में उम्मीद से ज्यादा भीड़ पहुंची।

## विधानसभा में ब्रजभाषा को स्थान देना सराहनीय



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**मथुरा।** एमएलसी योगेश नौहवार ने बताया कि विधानसभा की कार्यवाही में ब्रजभाषा सहित पांच क्षेत्रीय भाषाओं को जगह दी गई है। ब्रजभाषा को सदन में स्थान देना सरकार का सराहनीय कदम है। जो विपक्ष इसे लेकर सवाल उठा रहा है, वह कुछ समय से मांग कर रहा था कि क्षेत्रीय भाषाओं को शामिल किया जाए। अब जब एनडीए सरकार ने करके दिखा दिया है तो विपक्ष क्यों परेशान है। मुझे लगता है कि विपक्ष अपने बयान से पलट गया है और लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है।

## विधान परिषद में बोलते एमएलसी योगेश नौहवार



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**मथुरा।** ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की खुलेआम बिक्री पर लगे प्रतिबंध, इससे प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य पर पड़ रहा हानिकारक प्रभाव

मथुरा। एमएलसी योगेश नौहवार ने विधान परिषद में बोलते हुए ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की खुलेआम हो रही बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई है। उन्होंने सदन में बोलते हुए कहा कि ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का इस्तेमाल प्रसव को गति देने या प्रसव के बाद रक्तस्राव को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। लेकिन यही इंजेक्शन एक स्वस्थ शरीर के लिए बेहद खतरनाक है। इससे प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि डॉक्टर की पर्ची के बिना इसे खरीदा नहीं जा सकता है। लेकिन आज हर गली मोहल्ले में छोटी से छोटी किराना की दुकान पर भी ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन आसानी से मिल जाता है। फल एवं सब्जियों के अलावा इसका उपयोग पशुओं को जबरन दूध देने के लिए मजबूरन करने में खूब किया जा रहा है।

जिसके कारण ऑक्सीटोसिन प्रत्येक व्यक्ति के शरीर में पहुंच रहा है। और इसके बेहद हानिकारक प्रभाव पड़ रहे हैं। एमएलसी योगेश नौहवार के निजी सचिव लोकेन्द्र नरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि एमएलसी ने गांव तिलकागढ़ी में प्रस्तावित बिजलीघर को बनवाने की मांग भी सदन में उठाई है।

## जिले में शिवलिंग मिलने पर उनके खुले भाग



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव रसूलपुर में स्थित जंगलों में ग्रामीणों को खुदाई के दौरान शिवलिंग मिली जिससे ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस दौरान शिवलिंग के दर्शन करने के लिए आसपास क्षेत्र के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और खुद को भाग्यशाली माना। महाशिवरात्रि पर्व से पहले क्षेत्र में शिवलिंग मिलने से ग्रामीणों में हर्ष की लहर है। गांव रसूलपुर के रहने वाले राजेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह दातुन लेने के लिए निकले थे। जैसे ही वह जंगल में पहुंचे तो एक स्थान पर सर्प देख उनके होश उड़ गए। वह आराम करने के लिए पास में बैठ गए। इसके बाद सांप के जाने के बाद उन्होंने खुदाई चालू कर दी। करीब 20 से 25 लोगों के सामने उन्होंने खुदाई चालू की तो भगवान शिव की पिंडी मिली जिसके बाद उन्होंने कहा कि शिवलिंग मिलने से उनके भाग्य खुल गए हैं। शिवलिंग मिलने के बाद आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और शिवलिंग के दर्शन किए। ग्रामीणों का कहना है कि महाशिवरात्रि पर्व से पहले शिवलिंग मिलना काफी सौभाग्य की बात है।

## मंदिर पर अनिरुद्धाचार्य महाराज सुनाएगे कथा

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**नौहझील।** नौहझील कस्बे के शेरगढ़ रोड स्थित सिद्ध स्थली झाड़ी हनुमानजी मंदिर पर आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज भागवत कथा का रसपान कराएंगे बुधवार को हनुमान जी मंदिर के महंत राम रतन दास महाराज ने श्री फल भेंट कर उन्हें आमंत्रित किया जिसे कथावाचक ने स्वीकार कर लिया महंत ने बताया की गंगा दशहरा के पावन पर्व पर मैं जून माह में 34वां वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा 29 मई से 4 जून सात दिनों तक विश्व प्रसिद्ध कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराएंगे 5 जून को गंगा दशहरा के पावन पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजित होगा।

## ग्रामोद्योगियों को दी गई पुरस्कार राशि

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय में गुरूवार को उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मण्डल स्तरीय ग्रामोद्योगी पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामोद्योगियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सरकार हस्तशिल्पियों, माटीकला कारीगरों एवं ग्रामोद्योगियों के उत्थान के प्रति कृत संकल्पित है। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अलीगढ़ विजयगढ़ के श्यामवीर सिंह को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 15 हजार रूपये, कासगंज की श्रीमती प्रिया तिवारी को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 12 हजार रूपये एवं हाथरस की श्रीमती ममता को तृतीय पुरस्कार के रूप में 10 हजार रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही विजेता उद्यमियों को प्रतीक चिन्ह एवं अंगवत्र से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कासगंज राकेश कुमार यादव, जिला ग्रामोद्योग कार्यालय एटा के प्रधान सहायक सुघर सिंह, जिला ग्रामोद्योग कार्यालय हाथरस के कनिष्ठ सहायक संजीव कुमार, समेत अन्य कार्मिक व ग्रामोद्योगी उपस्थित रहे।

## लाफ्टर शो का सफल आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** दर्शन कौन है हास्य कलाकारों द्वारा चुटकुलों का खूब आनंद उठाया, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आर्यन डांस अकैडमी और विंग ऑन कथक डांस एकेडमी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक बंसल ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम के संचालक विकास खांडे ने कार्यक्र म को शायरी व जोक से खूब सजाया। कार्यक्रम में हास्य कलाकार पंकज मिश्रा, अरुण तिवारी, नवनीत कुमार व सचिन राजपूत ने भाग लिया। कार्यक्रम में अतिथि की भूमिका विष्णु कुमार गुप्ता, स्टार प्लस ज्योति मित्तल, चारु चौहान, कल्पना पंडित, शिप्रा गर्ग, समन, अंकित चौधरी आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर खंती में पलटी बरातियों से भरी बस, दर्जनभर घायल

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** उसहैत थाना क्षेत्र में अटैना पुल के मोड़ पर बरातियों की बस अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। हादसे में नौ बराती घायल हो गए। इनमें पांच घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने गंभीर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बरात फर्रूखाबाद जिले से वापस बरेली जा रही थी। दूसरी बस से बारातियों को रवाना कराया गया।



हादसा अटेना पुल के मोड़ पर बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। बरेली के बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव बांसबोझ निवासी हेम प्रकाश मौर्य के बेटे आशीष कुमार की शादी फर्रूखाबाद जिले के कायमगंज थाना क्षेत्र के गांव इजौर निवासी सुरेंद्र सिंह मौर्य की बेटी मानसी मौर्य के साथ हुई है। बुधवार को बरात इजौर गांव गई थी। निजी बस में सवार होकर करीब 60 बराती गए थे। बृहस्पतिवार सुबह बरात बरेली लौट रही थी। अटैना मोड़ पर बस अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। जिससे बस में सवार बरातियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने बस में सवार बरातियों को बाहर निकलना शुरू किया। डायल 112 व थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही एसओ विक्रम सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हादसे में नौ बराती घायल हुए। इनमें पांच गंभीर रुप से घायल बताए गए हैं। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से गंभीर घायल बरातियों को जिला अस्पताल भिजवाया। मामूली घायलों को गांव में ही डॉक्टर से प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजा गया। दूल्हे के पिता ने दूसरी बस का प्रबंध किया। जिसके बाद पुलिस ने बरातियों को दूसरी बस से बरेली के लिए रवाना कर दिया। एसओ विक्रम सिंह ने बताया, पुल पर मोड़ होने की वजह से बस अनियंत्रित हो गई थी। जिससे वह खंती में पलट गई। हादसे में पांच लोग गंभीर घायल हुए हैं। शेष बरातियों को मामूली चोट आई है। हादसे में विजेंद्र पुत्र रामस्वरूप निवासी दियोरिया, सोनू पुत्र प्रेमशंकर निवासी इज्जतनगर, देवेंद्र पाल पुत्र नत्थू निवासी बांस बोझ आदि गंभीर रूप से घायल हो गये।

## प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि घोषित

**बदायूं।** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में विभिन्न विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षा एवं वायवा की तिथि घोषित कर दी गई है। बीए पंचम सेमेस्टर अर्थशास्त्र की मौखिकी परीक्षा 19 फरवरी को प्रातः 11 बजे से होगी शेष सभी परीक्षाएं 20 फरवरी को संपन्न होंगी। उक्त सूचना देते हुए कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने बताया है कि बीए प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर शारीरिक शिक्षा विषय के छात्र छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा 20 फरवरी को प्रातः 10 बजे से होगी।

# ग्रामीण आंचल में गूजेंगी व्यापारियों की आवाज: वेदपाल

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बगरैन।** कस्वा में आंवला रोड स्थित कार्यालय पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल बदायूं की बैठक सम्पन्न हुयी, बैठक की अध्यक्षता उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता सोनटू ने की तथा मनोनीत पदाधिकारियो को जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता ने शपथ दिलाकर माला पहना कर सम्मान किया।



जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता ने संगठन को मजबूत करने के लिए सभी व्यापारियो से आवाहन करते हुए कहा कि हर छोटे वडे व्यापारी को व्यापार मंडल से जुडना चाहिए और व्यापार मंडल की टीम को उनकी समस्याओ को सुनकर स्थानीय स्तर तथा जिलास्तर पर हल करनी होगी, किसी प्रकार व्यापारियो का उत्पीडन न हो, सभी व्यापारी संगठित रहेंगे तो कोई उत्पीडन नही कर सकता। अब ग्रामीण आचंल मे संगठन द्वारा गुजेगी व्यापारियो की आवाज।

कृष्णा अवतार शर्मा विधानसभा संयोजक ने संगठन के संविधान के वारे मे विस्तार से जानकारी दी, वही धर्मेन्द्र वार्ष्णेय ने सगठन से व्यापारियो को जुडने का आहवान किया।

नगर बगरैन मे उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के विस्तार होने पर जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता ने कस्वा बगरैन निवासी ठा. वेदपाल सिंह को जिला उपाध्यक्ष बदायूं सर्व सम्मति से मनोनीत किया। वहीं नगर बगरैन संरक्षक की जिम्मेदारी नन्दकिशोर सुमन महेश गुप्ता ओम किशोर तथा दीपक वास्णेय सोहन लाल माली को दी गयी तथा नगर बगरैन अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता नगर महामंत्री नवनीत सुमन नगर कोषाध्यक्ष दीनदयाल माहेश्वरी युवा नगर अध्यक्ष प्रशान्त गुप्ता युवा नगर महामंत्री ठा. योगेन्द्र सिंह युवा कोषाध्यक्ष माजिद खान को सर्व सम्मति से चुना गया। बैठक मे जितेन्द्र गुप्ता, नवनीत, सुमन, ठा वेदपाल सिंह, दीनदयाल महेश्वरी, प्रशांन्त गुप्ता, योगेन्द्र सिंह, माजिद खान, महेश गुप्ता, ओम किशोर, दीपक वार्ष्णेय, आकाश वावू, संजय शर्मा, जाकिर सैफी, रूप किशोर गुप्ता, अंकुर कुमार, छोटू अली, सैफअली, धर्मवीर कश्यप, वीरेन्द्र, संजू गुप्ता, रवि गुप्ता, यासीन व्यापारी आदि मैजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव दो दिवसीय दौरे पर



**बदायूं।** समाजवादी पार्टी के नेता, संसद में मुख्य सचेतक व सांसद धर्मेन्द्र यादव दो दिवसीय दौरे पर बदायूँ, सम्भल आ रहे हैं तथा विभिन्न कार्यक्रमो ने सम्मिलित होंगे। जिसके अंतर्गत दिनांक 21 फरवरी 2025 को बगीचा बैंकट लॉन, बबराला सायं 05 बजे जय कुमार यादव उर्फ पप्पन के यहां शादी समारोह में सम्मिलित होंगे, सायं 06:30 बजे सहसवान विधानसभा के ग्राम होतीपुर में स्व० पातीराम के आकस्मिक निधन पर व ग्राम नसीरपुर में स्व० अकमल खां उर्फ चमन के आकस्मिक निधन पर उनके आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे तथा रात्रि 09 बजे बदायूँ स्थित पूनम मैरिज लॉन में बलवीर सिंह यादव की पुत्री के विवाह समारोह में सम्मिलित होंगे।रात्रि विश्राम बदायूँ स्थित अपने आवास पर करेंगे। दिनांक 22 फरवरी 2025 को प्रातः 11 बजे स्व० मुन्तखब अहमद नूर साहब के आकस्मिक निधन पर ककराला स्थित उनके आवास पर जाकर परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे, अपरान्ह 12 बजे बदायूँ स्थित अमर प्रभात के संपादक वेदभानु आर्य के पुत्र के विवाह उपरांत उनके आवास पर नवयुगल को आर्शीवाद देंगे, अपरान्ह 02 बजे मुशर्रत अली उर्फ हाजी बिट्टन के इस्लामनगर स्थित आवास पर निजी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे, अपरान्ह 03 बजे स्व० श्रीपाल सिंह के चंदौसी स्थित आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे तथा सायं 04 बजे चंदौसी स्थित ज्ञानवती बैंकट लॉन में बलवंत सिंह के यहां शादी समारोह में सम्मिलित होंगे।

### प्रचंड पुरुषार्थ से अर्जित होती है प्रतिभा



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** नेहरू मेमोरियल शिवनारायण दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में बीएड प्रशिक्षुओं पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य प्रोफेसर आशीष कुमार सक्सेना स्काउट ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के जीवन भर का तप और त्याग शिष्यों के उत्कर्ष के लिए होता है।

मुख्य अतिथि जिला सेवा योजना अधिकारी सचिन कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया। उन्होंने कहा शिक्षकों से मिले श्रेष्ठ संस्कारों से ही बच्चों का जीवन महकता है।

स्काउट शिविर संयोजक प्रो. मनवीर सिंह ने कहा कि स्काउटिंग जीवन जीने की कला के साथ युवाओं में देशभक्ति का अनोखा जज्बा पैदा करती है।

विशिष्ट अतिथि बल्लिया से आए असिस्टेंट प्रोफेसर डा. मनीष कुमार ने हर चुनौती को स्वीकार करना और आगे बढ़ना। अध्यापक का पहला धर्म और कर्त्तव्य है।

स्काउट संस्था के पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि प्रतिभा अर्जित करना एक प्रचंड पुरुषार्थ है। स्काउटिंग बच्चों की प्रतिभाओं को निखारती है। स्काउट गाइड को स्काउटिंग आंदोलन का इतिहास, स्काउट के नियम, प्रतिज्ञा, झंडा की गीत, प्रार्थना, राष्ट्रध्वज, स्काउट ध्वज के अलावा प्राकृतिक आपदाओं में स्वयं को तैयार रखने की ट्रेनिंग दी गई। एसोसिएट प्रोफेसर डा. विक्रांत उपाध्याय ने बीएड प्रशिक्षुओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीएड विभाग प्रभारी डा. शिवराज कुमार ने अतिथियों आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एसोसिएट प्रोफेसर सुषमा रानी आदि मौजूद रहे।संचालन प्रो.मनवीर सिंह ने किया।

# मराठा सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बांटे पुरस्कार

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** आर्य समाज चौक स्थित रस्तोगी धर्मशाला में वीर मराठा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर मराठा सराफा एसोसिएशन द्वारा आयोजित भाषण स्पर्धा के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। शिशु वर्ग में वान्या दलेला, वेदिका शर्मा, सिद्धि गुप्ता बाल वर्ग में कार्तिक सक्सेना,उत्कर्ष शंखधार, वंश वर्मा तरुण वर्ग में रुचि सागर नितिन कुमार, स्वकीर्ति पाठक प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।



विजयी प्रतिभागियों को ज्वैलर्स के सचित वैश्य, अशोक कुमार सिंह (इंस्पेक्टर क्राइम कोतवाली) जितेंदर महाजन, अतुल अलंकार, अवनीश वर्मा ने विजयी प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह, नकद धनराशि एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

आगन्तुक अतिथियों का परिचय श्रीकान्त मराठा एवं धन्यवाद आभार संग्राम मराठा ने किया। इस अवसर पर सिकन्दर पटेल, दिलीप,अनिल, रामचंद्र, शिवाजी, हरि, शनि, संजय,मराठा उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी सहायिका की डीएम से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** ऑगनवाड़ी सहायिका के बाल शिशु पुष्टाहार वितरण की उच्च स्तरीय जाँच एवं सरकारी धन का दुरूपयोग आदि की जांच कराने की मांग की डीएम से की गयी है।



डीएम को भेजे शिकायती पत्र में नई बस्ती की संजीदा, सुभाना, जैनव, गुलवहार, रूखसाना, परवीन आशा कहा है कि गाँव में अनीता पत्नी धर्मवीर ऑगनवाड़ी संस्था में सहायिका के पद पर तैनात हैं जिसकी राजनीति में भी पहुँच है। जिस कारण गाँव में वाल शिशु पुष्टाहार का वितरण नहीं करती है। आरोप है कि जब हम बाल पुष्टाहार लेने जाते हैं तो अनीता व उसका पति हम लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। आरोप है कि गुलवहार के पति ईशाक ने फोन करके पुष्टाहार वितरण के बारे में मालूम किया तो अनीता ने अपना फोन अपने पति धर्मवीर को दे दिया। धर्मवीर ने इशाक को फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर पुष्टाहार लेने आने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि कुछ देर बाद ही धर्मवीर अपने भाई विश्वनाथ व जगत पाल पुत्र कप्तान सिंह व अन्य कई लोगों को साथ लेकर आकर ईशाक की दुकान में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी जिससे शरीर में चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर आये आस-पास के लोगों ने बीच बचाव किया। इस सम्बन्ध में इशाक ने थाना पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया किन्तु उस पर थाना पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की। पीड़ित लोगों ने डीएम से जांच कराने की मांग की है।

## सीएम धामी ने बताया संकल्पों को पूरा करने वाला बजट

**देहरादून।** राज्य के बजट पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बजट हमारे संकल्पों को पूरा करने का पूरा विजन प्रस्तुत करता है और यह अर्थव्यवस्था, वित्त और भविष्य की योजनाओं के बारे में हमारी सरकार का रोडमैप भी प्रस्तुत करता है। इस बजट में हमने वेंचर फंड की स्थापना की है, जिसमें रिवर फ्रंट डेवलपमेंट योजना, प्रवासी उत्तराखंड परिषद का गठन, स्मार्ट सिटी के अंतर्गत इलेक्ट्रिक बसों का संचालन, खेल विश्वविद्यालय की स्थापना।

# साइबर क्राइम से बचाव के लिए एनएसएस का चौथा एक दिवसीय शिविर संपन्न

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानंद इकाई का चौथा एवं अन्तिम एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ। शिविर में श्रमदान द्वारा गोद लिए वाटिका की सफाई के बाद छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया।




मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर अमित किशोर श्रीवास्तव ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी, अनजाने लिंक को शेयर करने के नुकसान, वीडियो कॉलिंग पर ट्रैप कर ब्लैकमेलिंग, अवांछनीय काल के द्वारा ओटीपी मांग कर किया जा रहे वित्तीय नुकसान आदि पर प्रकाश डाला और उससे से बचने के उपाय बताये। उन्होंने कहा कि बैंक कभी भी किसी प्रकार का लिंक नहीं भेजता है ना ही ओटीपी मांगता है। अतः बैंकिंग में साइबर क्राइम से बचने के लिए आवांछनीय लिंक और ओटीपी से सतर्कता बरतें।

अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता और संचालन डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ रविन्द्र सिंह यादव, डॉ सारिका शर्मा, डॉ गौरव कुमार सिंह, डॉ प्रियंका सिंह, प्रिंस, मगन कांत, ईसरा, रीता राजवंश, रचित शर्मा, ओमेंद्र ,मोहनलाल माथुर, राहुल कुमार, अंकुश, अंश, अमन कुमार, दीपांशु, पवन आदि मौजूद रहे।

# चकबंदी के कार्यों में सभी ग्रामवासी करें सहयोग

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी ने चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि चकबंदी के कार्यों में सभी ग्रामवासी सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जो भी चकबंदी कार्य कराए जा रहे हैं वह जनहित को सर्वोपरि मानकर कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो टीम गांव का दौरा कर रही है उसको उनका कार्य सुगमता से करने दिया जाए। किसी भी प्रकार का अप्रसांगिक विरोध नहीं होना चाहिए। उन्होंने प्राप्त चक आपत्तियों का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के लिए कहा।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में बुधवार को चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों के लिए जो रोस्टर बनाया गया है वह उसी के अनुसार ग्रामों का दौरा करें। उन्होंने कब्जा परिवर्तन के स्तर की समीक्षा करते हुए कृषकों से वार्ता व सहमति से सीमांकन कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा। उन्होंने चकबंदी के विभिन्न प्रारूप की समीक्षा की।

उन्होंने आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा की। सेवानिवृत कर्मचारियों के अवशेष पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं आडिट आपत्तियों का निस्तारण प्राथमिकता पर करने के लिए कहा। उन्होंने विभिन्न चकबन्दी न्यायालयों में विचाराधीन वादों में से पुराने वादों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के लिए कहा। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि 10 वर्ष से अधिक समय से लंबित चकबंदी के 09 ग्राम है। इस अवसर पर बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, चकबन्दी अधिकारी व सहायक चकबन्दी अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# कांग्रेसियों ने किया अहमदनगर असौली में संविधान बचाओं गोष्ठी का आयोजन

## जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में निकाली पदयात्रा

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**सहसवान।** ब्लॉक सहसवान के ग्राम अहमदनगर असौली में संविधान बचाओ गोष्ठी का कार्यक्रम युवा कांग्रेस के सहसवान के विधानसभा अध्यक्ष हरवीर सिंह जी की चौपाल पर संपन्न हुआ गोष्ठी के बाद गांव में एक संविधान बचाओ पदयात्रा निकाली गई। जिसमें कि ग्रामीणों ने बताया की पी डब्ल्यू डी की सड़क से और बृजपाल के घर तक ढाई सौ मीटर रास्ता ऐसी है कि जिसमें पैदल भी निकलना दुश्वार हो जाता है इस समस्या को सुनकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने ग्रामीणों का आश्वासन दिया कि कांग्रेस आपकी यह समस्या उठायेगी और एक दिन उप जिलाधिकारी बिल्सी को इस रास्ते को निर्माण करने के लिए धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा ,गोष्ठी में उपस्थित कार्यकर्ताओं ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि आज इस सरकार में संविधान को लेकर हमें जागरूक रहना है क्योंकि इस संविधान के अंतर्गत ही हम अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं और अपने अधिकारों का हक लेने के लिए सत्ता पक्ष से मांग करते हैं जैसे कि आपकी यह रास्ता शुलभ हो इसका निर्माण हो यह हक आपका है और सत्ता पक्ष को इसका निर्माण करना चाहिए ,आप अगर एक माचिस भी खरीदते हो उसे पर भी सरकार का टैक्स देकर अपने कर्तव्यों का पालन करते हो तो अपने जनजीवन की सामान्य सुविधाओं लेने का अधिकार भी बनता है। गोष्ठी में उपस्थित जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राजवीर सिंह ने कहा कि हम युवाओं को आगे आना पड़ेगा जिससे कि हम संविधान की बातों को समझ सकें और आम जनता तक इसको पहुंचाएं। गोष्ठी कार्यक्रम में ब्लॉक सहसवान के अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, अंबियापुर के ब्लॉक अध्यक्ष सोमवीर सिंह जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव अनुग्रह सिंह जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव अवधेश श्रीवास्तव ने भी गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि हम संविधान को मानने वाले लोग हैं और कांग्रेस का जो सिद्धांत है वह भी भारत के संविधान से मिलता है हमे यह दायित्व लेना पड़ेगा कि हमारे संविधान की रक्षा होती रहे ।गोष्ठी कार्यक्रम में अरविंद ,मदन सिंह चरण सिंह ,हवलदार सिंह, भीकम सिंह, रक्षपाल सिंह, प्रमोद यादव, आवेश यादव, नितेश यादव, बंटू यादव, नन्हे यादव, बादाम सिंह यादव, खलील अहमद, नसीम अहमद, जुबेर खान, फिरोज अहमद, प्रेमपाल सिंह रईस अहमद आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## संपादकीय

# उत्सव की तरह आयोजित हों परीक्षाएं



इन दिनों देश भर में विभिन्न बोर्डों की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं हो रही हैं। इनमें करोड़ों विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। गत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को परीक्षा के भय से मुक्त करने के लिए परीक्षा पे चर्चा जैसे अपने जनभागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके जरिये उन्होंने देश भर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को साथ जोड़कर परीक्षा को तनावमुक्त बनाने का प्रयास किया।

परीक्षा पे चर्चा विद्यार्थियों को 'परीक्षा योद्धा' के रूप में निर्मित करने की प्रक्रिया का भाग है। इसका उद्देश्य देश में यह भाव पैदा करना है कि छात्र परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मनाना प्रारंभ करे। देखा जाए तो भारतीय परीक्षा प्रणाली परीक्षाओं में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के दबाव के कारण रटकर याद करने पर अत्यधिक बल देती है। यह एक नकारात्मक प्रथा है, जिससे जिज्ञासा, आलोचनात्मक सोच और विश्लेषण की हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा काफी हद तक प्रभावित हुई है। हालांकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति हमारे विश्वास को पुनरू जागृत कर इन प्रतिगामी समस्याओं को हल करने का प्रयास कर रही है, जो मुख्यतरू आलोचनात्मक सोच और सीखने-जानने एवं मूल्यांकन के समग्र दृष्टिकोण पर आधारित है। इसका समग्र उद्देश्य एक सर्वांगीण और संतुलित व्यक्तित्व का निर्माण करना तथा युवाओं में सोचने की प्रवृत्ति एवं कौशल सीखने को प्रेरित करना है। करीब-करीब सभी को परीक्षा के कारण होने वाले तनाव का विभिन्न स्तरों पर सामना करना पड़ता है। व्याकुलता, चिंता, भावुकता और डर जैसे शब्द दुनिया भर में परीक्षाओं अथवा मूल्यांकनों के साथ जुड़े हुए हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि 'एंग्जायटी' शब्द 2021 का आक्सफोर्ड चिल्ड्रन वर्ड आफद ईयर घोषित हुआ था। अंतरराष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम (पीसा) ने 2015 में एंग्जायटी का एक नया सामान्य सूचकांक प्रस्तुत किया-स्कूलवर्क एंग्जायटी सूचकांक। इस सूचकांक में छात्रों के स्कूल के कार्यों और परीक्षाओं पर उनकी प्रतिक्रियाओं की गणना की जाती है। यह सामान्य बात है कि परीक्षा के समय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) हेल्पलाइन पर फोन काल की बाढ़ आ जाती है। एनसीईआरटी के 2022 के एक सर्वेक्षण में 81 प्रतिशत छात्रों ने पढ़ाई, परीक्षा और नतीजों को एंग्जायटी का कारण बताया था। अधिकांश अनुभवजन्य शोधों ने स्कूली उपलब्धि और परीक्षा की व्याकुलता के बीच विपरीत संबंध दिखाया है। इसलिए छात्रों को इससे बचाना जरूरी है। परीक्षाओं को आत्म-अनुशासन के साथ समझना और उसका सुसंगत समाधान एंग्जायटी-मुक्त परीक्षा की कुंजी है। डिजिटल सामग्री के प्रसार ने शिक्षार्थियों के लिए विकल्पों की अधिकता पैदा कर दी है। इस कारण परीक्षा के समय छात्रों को भ्रामक सूचना और भ्रांतिपूर्ण जानकारी के बीच अंतर करने में सक्षम होना चाहिए। यह समझना उचित है कि भ्रामक सूचना झूठी या गलत सूचना होती है और भ्रांतिपूर्ण जानकारी जानबूझकर गुमराह करने के इरादे से दी जाती है। इसलिए छात्रों को परीक्षा के लिए एक प्रमुख शर्त के रूप में निर्धारित पाठ्यपुस्तक पर ही निर्भर रहना चाहिए। विविध पठन सामग्री के संदर्भ में भटकाव को भी दूर किया जाना चाहिए। यूनेस्को की 2024 की रिपोर्ट 'बिहाइंड द स्क्रींस' में बताया गया है कि 62 प्रतिशत डिजिटल कंटेंट क्रिएटर जानकारी साझा करने से पहले उसकी गहन और व्यवस्थित ढंग से जांच नहीं करते। इसे ध्यान में रखते हुए भ्रम की स्थिति में न पड़कर परीक्षा के दौरान छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा प्रामाणिक स्रोतों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अभिभावक को भी चिंता बढ़ाने के बजाय शांति का स्रोत बनना चाहिए, जबकि सरकार और शिक्षा प्रणाली को मांग एवं आपूर्ति सहज बनाने पर काम करना चाहिए। हमें रटंत पद्धति से हटकर कौशल-आधारित शिक्षा की ओर बढ़ने के लिए आवश्यक उपाय करने चाहिए। कक्षा को जितना जीवंत बनाया जा सके, उतना ही अच्छा है, जिसमें शिक्षक प्रत्येक बच्चे पर व्यक्तिगत ध्यान दें। पाठ्यक्रम को तैयार करने और मूल्यांकन का काम इस तरह किया जाए कि छात्रों में विकासशील मानसिकता को बढ़ावा मिले और वे बौद्धिक बहुलवाद की ओर अग्रसर हों। हमें छात्रों के कल्याण को उच्चतम प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि परीक्षा को।


अमर भास्कर

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद
- उप संपादक : जहांगीर भारती



हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर*



अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-
**अमर भास्कर कार्यालय**
निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।
पिन कोड-243601
*Email- amarbhashkar21@gmail.com*
*Whatsapp. No. 9411214614*


# रहस्यमय अनुदान उठते सवाल, विदेशी सहायता पर बढ़ाई निगरानी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने इस सवाल का जवाब खुद ही देना चाहिए कि आखिर हम मतदान बढ़ाने के लिए भारत को 21 मिलियन डालर क्यों दें। उन्हें इस सवाल का जवाब इसलिए देना चाहिए, क्योंकि भारत में भी यह पूछा जा रहा है कि मतदान बढ़ाने के लिए अमेरिका से अनुदान क्यों आ रहा था।

चूंकि यह भी सामने आना चाहिए कि अमेरिकी अनुदान कैसे और कहां खर्च किया जा रहा था, इसलिए बेहतर होगा कि भारत भी अपने स्तर पर जांच करे। इस रहस्यमय अनुदान की तह तक जाने की आवश्यकता इसलिए भी है, क्योंकि पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने मतदान बढ़ाने के नाम पर अमेरिका से अनुदान मिलने से तो इनकार किया, लेकिन यह माना कि निर्वाचन आयोग ने 2012 में इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्ट्रोरल सिस्टम से समझौता किया था। यह अरबपति अमेरिकी निवेशक जार्ज सोरोस की संस्था ओपेन सोसायटी से जुड़ा है, जिसे यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट यानी यूएसएड से सहायता से मिलती थी। कहीं ऐसा तो नहीं कि भारत में जार्ज सोरोस की संस्था के जरिये यूएसएड का पैसा आ रहा था और उसका इस्तेमाल भारतीय हितों को चोट पहुंचाने के लिए किया जा रहा हो।

इसकी आशंका इसलिए है, क्योंकि विभिन्न देशों को यूएसएड से भारी-भरकम राशि मिलती रही है और आम धारणा यह है कि इस राशि का उपयोग संबंधित देश के अंदरूनी मामलों में दखल देने के लिए किया जाता था। यूएसएड भले ही यह दावा करता हो कि वह विभिन्न देशों में साक्षरता बढ़ाने, गरीबी मिटाने, महिलाओं को सशक्त करने, लोकतंत्र मजबूत करने, सिविल सोसायटी को सुगठित करने के लिए आर्थिक सहायता देता था, लेकिन लगता नहीं कि यह अनुदान वास्तव में इन्हीं उद्देश्यों के लिए खर्च किया जाता था।

शायद इसी कारण डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगी एलन मस्क ने यूएसएड को एक आपराधिक संगठन करार दिया। अब ट्रंप भी उसे खरी-खोटी सुना रहे हैं और तरह-तरह के सवाल कर रहे हैं, लेकिन इन सवालों के जवाब देने की जिम्मेदारी उनकी ही है। पता नहीं वह जवाब देंगे या नहीं, लेकिन कम से कम भारत को तो यह चाहिए कि वह किसी भी स्रोत से मिलने वाली विदेशी सहायता के मामले में यह देखे कि उसका उपयोग कहां हो रहा है? यह इसलिए देखा जाना चाहिए, क्योंकि विदेशी सहायता के जरिये भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जाती रही है।

# समाज को रोकना होगा सांस्कृतिक प्रदूषण

बीते दिनों इंडियाज गाट लैटेंट नामक एक यूट्यूब कार्यक्रम पर अश्लीलता एवं अभद्रता ने मर्यादा के ऐसे बंधन तोड़ दिए कि मामला शीर्ष अदालत पहुंच गया। कुछ लोगों द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और डार्क ह्यूमर के नाम पर इस विवाद की जड़ बने लोगों और खासकर रणवीर इलाहाबादिया का समर्थन भले ही किया जा रहा हो, लेकिन उसे एक बड़े तबके के कोप का शिकार होना पड़ रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने उसे गिरफ्तारी से राहत जरूर दे दी, लेकिन खरी-खोटी सुनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। कोर्ट ने उसकी भावी गतिविधियों पर भी अनिश्चितकाल के लिए विराम लगा दिया। इस प्रकरण ने सोशल नेटवर्क प्लेटफार्म कहे जाने वाले मंचों की उपयोगिता पर भी नए सिरे से बहस छेड़ दी है।

इसमें संदेह नहीं कि इंटरनेट मीडिया ने संवाद का एक सशक्त माध्यम उपलब्ध कराने के साथ ही सूचनाओं के लोकतंत्रीकरण में अहम भूमिका निभाई है, लेकिन अब यह दोधारी तलवार की तरह हो गया है। इसके जरिये लोग किसी भी कीमत पर ध्यान आकर्षित करके चर्चा का केंद्र बने रहना चाहते हैं। ऐसे लोगों को इन्फ्लुएंसर्स कहा जाता है, लेकिन ये प्रभाव के बजाय दुष्प्रभाव अधिक पैदा करते दिख रहे हैं।

सामान्य समझ यही कहती है कि अगर किसी के पीछे लोग बड़ी संख्या में लामबंद होने लगें तो इससे उस व्यक्ति की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। इंटरनेट मीडिया की दुनिया में इसका उलटा हो रहा है। अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए अनाप-शनाप सामग्री बनाई जा रही है। इसकी वजह यही है कि विचित्र एवं विवादित चीजें अधिक उत्सुकता बढ़ाती हैं। इसीलिए सार्थक सामग्री से अधिक उस तरह की भाषा एवं विषयवस्तु को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो ध्यान आकर्षित कर सके। भारत के संदर्भ में यह स्वीकार्य नहीं हो सकता। याद रहे कि भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि सदियों से पोषित होती आ रही एक सभ्यता है, जिसकी जड़ें आध्यात्मिकता एवं ज्ञान में निहित



हैं। कुंभ जैसे आयोजन इसी सांस्कृतिक अविरल प्रवाह के प्रतीक हैं। पूरा पौराणिक साहित्य प्रेरक आख्यानों से भरा है। हमारे विमर्श में ज्ञान को विनम्रता से जोड़कर देखा गया है, अहंकार से नहीं। हमारी परंपरा में कहीं भी गरिमा से विचलन नहीं है। उसमें जिम्मेदारी एवं जवाबदेही का भाव है। ऐसी समृद्ध परंपरा को कुछ कथित इन्फ्लुएंसरों को विरूपित करने की छूट नहीं दी जा सकती। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि आज जिन्हें आदर्श के तौर पर देखा जा रहा है, उनके पास युवाओं को प्रेरित करने के लिए कुछ नहीं। इनमें से अधिकांश न तो मेधा के धनी हैं और न ही राष्ट्र की प्रगति में उनका कोई विशेष योगदान है। ऐसे तमाम लोग अकादमिक रूप से कमजोर हैं। उनकी कोई बौद्धिक आभा नहीं है। समाज के प्रति भी उनका कोई उल्लेखनीय योगदान नहीं। इसके बावजूद इंटरनेट मीडिया पर तमाम तिकड़मों से वे विमर्श को प्रभावित कर लाखों लोगों को जोड़ने में सक्षम हो रहे हैं। वे अपने लाखों फालोअर्स के चलते बड़ी रकम कमा रहे हैं और प्रभावशाली गलियारों तक अपनी पहुंच बनाने में सक्षम हो रहे हैं। एक ऐसे समाज में जहां लोकप्रियता से सत्ता और शक्ति के दरवाजे खुलने लगते हैं, वहां ये इन्फ्लुएंसर अपनी पैठ से विमर्श को प्रभावित करने से लेकर रुझानों की दशा-दिशा से लेकर सांस्कृतिक पहलुओं को अपने हिसाब से तय करने लगते हैं। उन्हें मूल्यों को तिलांजलि देने से भी कोई संकोच नहीं। बस उनका कंटेंट वायरल होते रहना चाहिए। जब आप एक बड़े तबके को प्रभावित करने की क्षमता पाते हैं तो इसके साथ जिम्मेदारी का भाव स्वतरू संलग्न होता है। इस ताकत के जरिये किसी को सभ्यता एवं संस्कृति के अवमूल्यन की छूट नहीं मिल जाती, लेकिन ये लोग ऐसा ही कर रहे हैं। उन्हें सफलता भी इस कारण मिल रही है, क्योंकि उन्हें सराहा जाता है और हम उन्हें ऐसा करने की छूट दे देते हैं।

युवाओं का अपरिपक्व मन आसानी से इन्फ्लुएंसर्स की बातों का शिकार हो जाता है। अगर ऐसे लोग ही युवाओं के आदर्श बनने लगे तो समझिए कि हम कैसी नई पीढ़ी गढ़ रहे हैं। इसलिए अपने भविष्य को बचाने के लिए हमें अविलंब कदम उठाने होंगे। आखिर इस मामले में क्या किया जा सकता है। इसका जवाब जितना सरल है, उतना ही जटिल भी। असल में इन्फ्लुएंसर्स का कद ही उनकी ताकत है। ऐसे में बेहतर यही होगा कि हम उनका कद ही न बढ़ने दें। यह कद उन्हें और उनकी सामग्री को मिलने वाली चर्चा से हासिल होता है। ऐसे में सर्वोत्तम उपाय यही है कि हम उनके साथ सहभागिता न करें, क्योंकि लोगों के साथ जुड़ाव ही उनकी पूंजी है। उनकी सामग्री का प्रसार सीमित होने से उनका कद स्वाभाविक रूप से घट जाएगा। याद रहे कि हम जैसी सामग्री देखते हैं, इंटरनेट मीडिया अलगोरिदम हमें वही परोसने लगता है। जब हम ऐसी घटिया सामग्री की उपेक्षा करने लगेंगे तो उसे बनाने वालों की डिजिटल ताकत भी संकुचित होती जाएगी। हमें सतर्कता बरतते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे बच्चे और प्रियजन ऐसी सामग्री के जाल में न फंसें। घर और आसपास सार्थक संवाद के जरिये इस दिशा में जागरूकता प्रसार में मदद मिल सकती है।

## खेल-खिलाड़ी

# जीत की पटरी पर लौटी दिल्ली कैपिटल्स, अंक तालिका में मुंबई को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।** यूपी वॉरियर्स को सात विकेट से हराकर दिल्ली कैपिटल्स ने जीत की पटरी पर वापसी कर ली है। मौजूदा टूर्नामेंट में यह उनकी दूसरी जीत है। इससे पहले मेग लैनिंग के नेतृत्व वाली टीम को आरसीबी ने सोमवार को शिकस्त दी थी जबकि शनिवार को टीम ने मुंबई इंडियंस को करीबी मुकाबले में दो विकेट से हराया था। इस जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम ने हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम को पीछे छोड़ दिया। मुंबई अब 0.783 के नेट रनरेट के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि दिल्ली चार अंक और -0.544 के नेट रनरेट के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। वडोदरा के कोतांबी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूपी वॉरियर्स ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 166 रन बनाए। उनके लिए किरण नवगिरे ने अर्धशतकीय पारी खेली। जवाब में लैनिंग और एनाबेल सदरलैंड के बीच 35 गेंद में 41 रन की साझेदारी और मारिजन कप की 17 गेंद में 19 रन की नाबाद पारी के दम पर दिल्ली ने एक गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की।



दिल्ली की शुरूआत काफी आक्रामक रही और शेफाली वर्मा ने कप्तान लैनिंग के साथ पहले विकेट के लिए सिर्फ41 गेंद में 65 रन जोड़े। शेफाली को सातवें ओवर में दीप्ति शर्मा ने चिनेले हेनरी के हाथों कराया। जेमिमा रौड्रिग्स भी ज्यादा देर टिक नहीं सकी और अगले ओवर में खाता खोले बिना सोफी एक्सेलेटन को पैडल स्वीप लगाने के प्रयास में राजेश्वरी गायकवाड़ को कैच दे बैठी। इसके बाद सदरलैंड और कप ने 48 रन की नाबाद साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। आखिरी तीन ओवर में 32 रन की जरूरत थी जब कप ने एक्सेलेस्टोन को लगातार दो चौके लगाए। आखिरी ओवर में 11 रन चाहिए थे और सदरलैंड ने ताहलिया मैक्ग्रा को दो चौके जड़कर विजयी रन लिए।

इस मुकाबले में यूपी की शुरुआत शानदार हुई। किरण नवगिरे और दिनेश वृंदा के बीच पहले विकेट के लिए 66 रनों की साझेदारी हुई जिसे सदरलैंड ने तोड़ा। उन्होंने 23 वर्षीय वृंदा को जेमिमा रोड्रिग्स के हाथों कैच कराया। वह 15 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, किरण छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 51 रनों की दमदार पारी खेलकर पवेलियन लौटीं। उन्हें भी सदरलैंड ने ही 73 के स्कोर पर अपना शिकार बनाया। किरण और दिनेश का विकेट खोने के बाद यूपी का बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा गया था। ताहलिया मैक्ग्रा और दीप्ति शर्मा क्रमश एक और सात रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद श्वेता सेहरावत और ग्रेस हैरिस ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 36 रनों की साझेदारी हुई। हैरिस को अरुंधति रेड्डी ने आउट किया और वह 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। छठे विकेट के लिए चिनेली हेनरी और सेहरावत ने 25 गेंदों में 44 रनों की साझेदारी निभाई।

# लप्पू सा कैच नहीं लपक पाए रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** चौंपियंस ट्रॉफी का आगाज हो चुका है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ मैच से कर रही है। दुबई के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से एक ऐसी गलती हो गई जिससे अक्षर पटेल हैट्रिक से चूक गए। हिटमैन एक आसाना सा कैच नहीं ले पाए।

यह घटना बांग्लादेश की पारी के नौवें ओवर की है। अपना पहला ओवर फेंकने आए अक्षर पटेल ने दूसरी ही गेंद पर बांग्लादेश को चौथा झटका तंजीद हसन के रूप में दिया। इसके बाद अगली गेंद पर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए मुशफिक्कुर रहीम को भारतीय स्पिनर ने अपना शिकार बनाया। वह खाता खोले बिना आउट हुए। अब अक्षर हैट्रिक से सिर्फ एक विकेट दूर थे। बाएं हाथ के गेंदबाज ने चौथी गेंद बाहर की तरफडाली जिसपर जाकिर अली ने आगे बढ़कर इसे रोकने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले से लगकर सीधे फर्स्ट स्लिप पर खड़े रोहित शर्मा की तरफ चली गई। हिटमैन ने इस कैच को लपकने की कोशिश की लेकिन वह चूक गए। उनकी इस गलती के कारण अक्षर तीसरा विकेट लेने में कामयाब नहीं हुए। लप्पू से कैच को लपकने से चूके हिटमैन ने निराशा निराशा भी जताई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। चौंपियंस ट्रॉफी में अपन पहला मैच खेल रही दोनों टीमें जीत का लक्ष्य लेकर उतरी हैं, लेकिन भारतीय टीम बांग्लादेश के बल्लेबाजों पर भारी पड़ती नजर आ रही है। 19 ओवर का खेल पूरा हो चुका है और बांग्लादेश ने पांच विकेट गंवाकर सिर्फ 70 रन बनाए हैं। उनके लिए अब तक सर्वाधिक रन तंजीद हसन ने बनाए हैं, वह 25 गेंदों में 25 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, उनके दो बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके, जबकि मेहदी हसन मिराज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। वह सिर्फ पांच रन बनाकर आउट हो गए। फ्लिहाल क्रीज पर जाकिर अली (19) और तौहीद ह्रदोय (18) मौजूद हैं।



## आराधना की गूँज

हे नाथ! तेरा ध्यान लगाकर,
हर क्षण तुझमें खो जाऊँ।
मन की वीणा तुझको अर्पित,
तेरी रागिनी बन जाऊं॥

अंधियारे में दीप बनूँ मैं,
तेरी भक्ति की जोत जलाऊँ।
हर दु:ख, पीड़ा, ताप मिटाकर,
तेरी छवि में रम जाऊँ।

शब्द न कम पड़ जाएँ मेरे,
तू असीम,अपरंपार।
तेरी महिमा का गुण गाऊँ,
बनकर प्रभु श्रद्धा-विचार।

तेरी राहों पर चल पड़ूँ मैं,
हर बंधन से मुक्त हो जाऊँ।

प्रेम, शांति, सत्य सिखाकर,
सबमें तेरा भाव जगाऊँ।

हे प्रभु! यही विनती मेरी,
तेरी कृपा सदा बरसे।
आराधना के इन पुष्पों से,
मेरा मन उपवन महके॥



लेखिक
प्रतिमा पाठक, दिल्ली

# निर्विरोध अध्यक्ष बने प्रदीप तो चुनाव से मंत्री बने रतन प्रकाश



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**पटियाली।** गुरुवार को श्री भागवत राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के चुनाव में अध्यक्ष को निर्विरोध चुना गया है आपको बता दें पटियाली ब्लॉक के सदस्यता अभियान में एक रिकॉर्ड अभियान चलाकर 528 सदस्यों को वोट डालने के लिए नामित किया गया जो पटियाली ब्लॉक में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं का 97 प्रतिशत था पहले से सक्रिय प्रदीप यादव ने अध्यक्ष पद पर अकेले ही नामांकन किया लेकिन मंत्री पद रतन प्रकाश एवं राजीव मिश्रा ने नामांकन किया चुनाव के बीच रतन प्रकाश 55 वोटो से विजई हुए इस दौरान प्रदीप यादव ने कहा यह हमारी मेहनत और शिक्षक हित में कार्य करने का नतीजा है मंत्री रतन प्रकाश ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे शिक्षक साथियों का प्यार और दुलार हमारे पैनल पर बना रहा इसे हम कभी नहीं भूल सकते हैं शिक्षक समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा किसी भी कीमत पर हमारा पैनल उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा पैनल को चाहने वालों ने फूल मालाएं पहनाकर अध्यक्ष प्रदीप यादव एवं मंत्री रतन प्रकाश का जय जय कार करते हुए स्वागत किया। इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान राघवेंद्र द्विवेदी, संजीव स्वामी, देवेंद्र कुमार, सुरेंद्र सिंह प्रदीप चौहान, संजीव स्वामी, प्रदीप यादव, आलोक शर्मा, उपेंद्र यादव, अरविंद यादव, शिवम बघेल सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# एमडीए ने अवैध कॉम्प्लेक्स पर चलाया बुलडोजर



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर में लाकड़ी बाईपास पर बने एक अवैध कॉम्प्लेक्स पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने बुलडोजर चला दिया है। सप्ताह भर पहले वीसी शैलेश कुमार की नजर इस अवैध कॉम्प्लेक्स पर पड़ी थी। वीसी ने जब कॉम्प्लेक्स मालिक से सवाल जवाब किया तो कॉम्प्लेक्स मालिक ने इलाके के जेई और एई पर संगीन आरोप लगाये थे इसके बाद वीसी ने प्राधिकरण की सचिव को मामले में जांच करने के आदेश दिए थे।

पिछले सप्ताह एमडीए वीसी प्राधिकरण की योजनाओं के निरीक्षण पर निकले थे इस दौरान उनकी नजर लाकड़ी बाईपास पर चौहानों वाली मिल में बन रहे एक बड़े निर्माण पर पड़ी थी, वीसी ने गाड़ी रुकवा कर जब निर्माण करने वाले से मानचित्र के बारे में पूछा तो पता चला कि निर्माण अवैध है उसका कोई मानचित्र पास नहीं है बल्कि पेपर्स में इस अवैध निर्माण को सील कर दिया गया है और इसकी ध्वस्तीकरण के आदेश भी हो चुके हैं बावजूद इसके सील तोड़कर लगातार अवैध निर्माण चल रहा था,

वीसी ने परिसर मलिक को टाइट किया तो उसने प्राधिकरण के जेई और एई का नाम लेकर कहा कि उन्हीं की सरपरस्ती में निर्माण हो रहा है इसके बाद भी वीसी ने दोनों को मौके पर तलब करके जमकर हड़काया था। वीसी ने जेई और एई पर लगे आरोपों की जांच करने के आदेश सचिव अंजूलता को दिए थे इस मामले में अब मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने अवैध परिसर को बुलडोजर से ढहा दिया है।

इस बीच कॉम्प्लेक्स मालिक अनिल चौहान ने आरोप लगाया कि उसने जे ई सागर गुप्ता और एई गिरीश पांडे को लाखों रुपए की घूस देकर निर्माण किया है इस तरह के आरोप प्राधिकरण के इंजीनियरों पर पहले भी लगते रहे हैं मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की सचिव अंजुलता का कहना है कि अनिल चौहान ने अवैध रूप से निर्माण किया था उसे कई बार नोटिस भी दिया गया था।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** मुख्य विकास अधिकारी सचिन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त जिला उद्योग ने बिन्दुवार अजेन्डा पढते हुए उद्योग बन्धुओ की समस्याओ से मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य विभागो को अवगत कराया गया। विगत बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन व कार्यवृत्त प्रेषण की पुष्टि, नये औद्योगिक आस्थान विकसित करने के सम्बन्ध में विचार विमर्श, निवेश मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन लम्बित आवेदन पत्रों का समीक्षा, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना का प्रगति की समीक्षा, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजनान्तर्गत प्रगति की समीक्षा, उ०प्र० ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान शासन स्तर से हस्ताक्षरित हुए एमओयू को धरातल पर लाने के लिये विचार विमर्श, मुख्य विकास अधिकारी ने बैकर्स एवं अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोई भी उद्योग बन्धुओ को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

उक्त अभियान के अन्तर्गत प्रदेश में जनपद कासगंज 57 स्थान पर है उक्त प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नही है जबकि 11 फरवरी 2025 तक जनपद के 350 लाभार्थियों के पक्ष में ऋण वितरण कराये जाने के निर्देश बैंकों को पूर्व में दिये गये है समस्त बैंको से अनुरोध है कि लक्ष्य प्राप्त हेतु प्रभावी प्रयास करते हुये लम्बित आवेदन पत्रों पर नियमानुसार ऋण स्वीकृत एवं वितरण कर पोर्टल अपडेट करा दिया जाये। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, एलडीएम, जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला लघु सिंचाई अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला मत्स्य अधिकारी, जिला सहकारिता एवं सभी बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेम प्रसंग में चाकू से गोदकर हत्या



**शाहबाद।** प्रेम प्रसंग के शक में युवती के भाई और पिता समेत चार लोगों पर यशपाल (23) की हत्या कर देने का आरोप लगा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करली है। 15 अगस्त को ढ़किया निवासी लाखन के बेटे राजेश ने रवानी पट्टी उदा गांव निवासी यशपाल के खिलाफ इनकी नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर ले जाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस ने आरोपी यशपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसी पुरानी रंजिश को लेकर अब बृहस्पतिवार सुबह को यशपाल की हत्या कर शव ढ़किया और रवानी पट्टी के रास्ते में स्थित आलू के खेत में फेंक दिया। रास्ते से लोगों जब गुजरे तो रक्तरंजित हालत में पड़े मिले शव को देखकर सनसनी फैल गई।

ग्रामीणों ने शव की पहचान कर परिवार के लोगों को सूचना दी। परिवार के लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर विलाप करना शुरू कर दिया। यशपाल के भाई कुंवरपाल ने ढकिया निवासी लाखन सिंह, राजेश समेत चार पर हत्या कर देने का आरोप लगाने शुरू कर दिए। इस बीच पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव उठाने की कोशिश की तो परिवार के लोगों ने हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। एसपी विद्यासागर मिश्र भी घटना स्थल पर पहुंच गए। एसपी को देखकर आक्रोशित परिजनों ने पुलिस के देरी से आने और ढकिया चौकी के निकट हुई हत्या को लेकर पुलिस को आरोपों के घेरे में लेना शुरू के दिया। करीब चार घंटे तक पुलिस को शव नहीं उठाने दिया गया। इस बीच भीम आर्मी के लोग भी पहुंच गए। काफी देर तक हुए हंगामे के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। यशपाल के भाई कुंवरपाल की ओर से हत्यारोपी लाखन सिंह, इनका बेटा राजेश, मनोज प्रधान और राजेश का अज्ञात भाई के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करली गई है। एसपी ने बताया कि दोनों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी।

## सार-संक्षेप

### लिव-इन के प्रावधान पर कांग्रेस का विधानसभा कूच



**उत्तराखंड।** यूसीसी कानून को वापस लेने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता विधानसभा कूच करने पहुंचे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा कार्यकर्ताओं के साथ रिस्पना पुल समीप लगे बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। इस दौरान उनकी पुलिस से तीखी नोक-झोंक हुई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा, यूसीसी में लिव-इन रिलेशनशिप प्रावधान उत्तराखंड की संस्कृति व गरिमा के खिलाफ है।

कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करेगी। प्रदेशभर में दो माह तक आंदोलन चलाकर आम लोगों से लिव-इन के प्रावधानों पर राय मांगी जाएगी। इसके लिए एक फार्म का प्रारूप तैयार किया है। इसे एकत्र कर ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। साथ ही ऑनलाइन के माध्यम से लोग अपनी राय साझा कर सकेंगे। माहरा ने कहा, यूसीसी के माध्यम से बाहरी लोगों को एक साल के लिव-इन पर राज्य का निवासी बनाने का षड्यंत्र है। वहीं मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता विरेंद्र सिंह खुराना ने कहा, यूसीसी उत्तराखंड की प्राथमिकता नहीं है। यह कानून बुनियादी सवालों से मुंह फेरने की कोशिश है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि ने कहा कि यूसीसी से भाजपा सरकार लोगों को अनावश्यक प्रक्रिया में उलझाकर बुनियादी सवालों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

### छेड़खानी के विरोध छह छात्राओं पर कार चढ़ाने वाला चौथा आरोपी गिरफ्तार



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर में छेड़खानी के विरोध पर स्कूली छात्राओं पर कार चढ़ाने वाले रेलवे ठेकेदार के बेटे यश सिरोही को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है बाकी बचे आरोपीयों की गिरफ्तारी नहीं होने पर एसएसपी सतपाल अंतिल ने बीती रात सिविल लाइंस एसएचओ को कड़ी फटकार लगाई थी एसएसपी ने जल्द अरेस्टिंग नहीं होने पर एसएचओ को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया है जबकि मामले में मुख्य आरोपी बताया जा रहा पीलीभीत में तैनात दरोगा अमरीश बाबू का बेटा दिव्यांशु अभी तक फरार है पुलिस टीम उसे खोजने में जुटी है।

सूत्रों का कहना है कि बेटे के अरेस्ट स्टे के लिए दारोगा ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है, वही इस मामले में घायल हुई छह छात्राओं में से दो की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है, एक छात्रा शहर के निजी अस्पताल के आईसीयू में तो एक दूसरी दिल्ली की एक प्राइवेट हॉस्पिटल के आईसीयू में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही है दो छात्राएं मंगलवार को एंबुलेंस में 12वीं की बोर्ड परीक्षा देने पहुंची थी घटना में मल्टीपल फ्रैक्चर की वजह से ये छात्राएं बेड पर है उठने और चलने फिरने में असमर्थ होने की वजह से सीबीएसई ने इन छात्रों को एंबुलेंस में ही परीक्षा देने और राइटर की हेल्प लेने की अनुमति दी है।

# दुनिया में जीने का तरीका सिखाता है कुरानः गफूर कासमी

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**संभल।** मदरसा इशातुल कुरान में सालाना जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें 6 बच्चों की दस्तारबंदी की गई। उपनगरी सराय तरीन मुहल्ला भूड़ा स्थित मदरसा इशातुल कुरान के सालाना जलसे की शुरुआत क़ारी मुहम्मद रिजवान ने तिलावते कुरआन से की। और फरमान रसूल ने नाते पेश की। जलसे की निजामत मौलाना कारी उम्मेद ने की। जलसे की सदारत मौलाना अब्दुल मुईद क़ासमी ने की। जलसे को खिताब करते हुए मौलाना मुफ्ती अब्दुल गफूर क़ासमी ने कहा कि कुरान की तालीम हर मुसलमान के लिए जरूरी है ।क्योंकि कुरान एक किताब नहीं, बल्कि दुनिया में जीने का तरीका है। कुरान पाक अल्लाह का कलाम है। खुशनसीब है। वह मां बाप जिनके बच्चों ने कुरान पाक को अपने सीनों में महफूज कर लिया है। कुरान अल्लाह का मुकद्दस कलाम है। अल्लाहताला ने अपनी उम्मत को कुरान को उठाने की, वह ताकत दी हैजो बड़े बड़े पहाड़ों को भी नहीं मिली। जब कुरान नाजिल हुआ था , तो पहाड़ भी लरज गए थे।

दरअसल कुरआन इस्लाम मजहब की एक मुकद्दस किताब है। जिसमें इंसानों के लिए इंसानियत और जिंदगी गुजारने का पूरा तरीका मौजूद है। जिस पर अमल करने से इंसान परहेजगार बन जाता है. कुरान को समझ कर पढ़ना और उसकी बातों पर अमल करना भी महत्वपूर्ण होता है।

# फर्जी बीमा पॉलिसी करने वाले गिरोह को किया गिरफ्तार



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**रजपुरा।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार गुन्नौर के कुशल नेतृत्व में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण लगाने हेतु थाना रजपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर फर्जी बीमा पॉलिसी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के तीन शैलेन्द्र कुमार पुत्र राम नारायण शर्मा नि० गांव बडकी इग्लीश थाना पौधु पोस्ट टेमुरा जिला औरगाबाद (बिहार) हाल पत्ता म०नं 501. प्रगति गार्डनिया थाना चुटिया जिला राँची नितिन चौधरी पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी कोठियात देवीपुरा द्वितीय बुलन्दशहर थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर हाल पता यस बैंक अनूपशहर शाखा जनपद बुलन्दशहर अभिनेश राघव पुत्र रामफूल राघव निवासी बहलौलपुर थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर हाल पता यस बैंक अनूपशहर शाखा जनपद बुलन्दशहर व थाना गुन्नौर पुलिस टीम द्वारा तीन कृष्ण अवतार शर्मा पुत्र जगदीश प्रसाद शर्मा नि:० मौर) अनूपशहर रोड कस्बा बबराला थाना गुन्नौर जनपद सम्भल रवि शर्मा पुत्र हरिबाबू शर्मा नि. शिवपुरी लाईनपार कस्बा बबराला थाना गुन्नौर जनपद सम्भल आकाश यादव पुत्र नरेश यादव नि. मौ. शाहबाद चौराहा इंदगाह रोड कस्बा व थाना बिलारी जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया है।

# आरजीएम कंप्यूटर एजुकेशन परीक्षा हुई संपन्न

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** आरजीएम कम्पयूटर एजुकेशन के तहत सभी छात्र-छात्राओं की की कम्पयूटर की सैद्धान्तिक और प्रायोगिक परीक्षा ली गई । परीक्षा केंद्र एम एन आई एच एस हातिम सराय, संभल रहा।परीक्षा सुबह 10 बजे से प्रारम्भ हुई और दोपहर 1 बजे सम्पन हुई । परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा में सभी छात्र उपस्थित रहे, कोई भी छात्र अनुपस्थित नहीं रहा। परीक्षा के समय स्टाफ ने काफी सख्त चेकिंग की गई, जिसकी वजह से कोई भी स्टूडेंट नकल करते नही पाया गया तथा एक भी छात्र निष्कासित नहीं हुआ। इसलिए परीक्षा बहुत शांतिपूर्ण ढंग से सम्पूर्ण हुई। परीक्षा में विभिन्न कोर्स एडीसीए योगदान दिया।

# ज्ञान का महासंग्राम आइंस्टाइन टीम ने जीती जीके प्रतियोगिता 2025



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**संभल।** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल चौधरी सराय संभल आयोजित जीके प्रतियोगिता 2025 में ज्ञान और प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया कोऑर्डिनेटर जुनैद इब्राहिम ने बताया कि यह एक इंटर हाउस प्रतियोगिता थी जिसमें हर ग्रुप में चार प्रतिभागी शामिल थे चार टीमों - आइंस्टाइन, अरिस्टोटल, फ्लेमिंग और न्यूटन - के बीच हुए इस रोमांचक मुकाबले में ष्आइंस्टाइनष् टीम के सदस्य कक्षा 11 की उम्मे मारिया, 9 वी का अरसलांन, 8 वी से जाइना मेहंदी, 7 वी से मौहम्मद कासिम, अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, प्रत्येक टीम में चार-चार प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्होंने सामान्य ज्ञान, विज्ञान, इतिहास, और समसामयिक विषयों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रतियोगिता का स्तर काफी उच्च था, और सभी टीमों ने कड़ी प्रतिस्पर्धा की। अन्य टीम अरिस्टोटल फ्लेमिंग न्यूटन आदि ने एक दूसरे को टक्कर दी। इस अवसर गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने प्रतियोगिता की शोभा बढ़ाई। डायरेक्टर शबाना कोसर, प्रिंसिपल विल्सन राजन, और वाइस प्रिंसिपल शाने रब ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को बधाई दी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में, परवीन ताज, रब्बे नवाज, और फैजान अली ने निष्पक्षता और कुशलता से अपनी भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन का श्रेय यमशुना रूही, सामिया अनवर को जाता है, जिन्होंने इसे सुचारू रूप से संचालित किया। प्रतियोगिता की अध्यक्षा करते हुए, डायरेक्टर शबाना कौसर ने कहा कि ष्यह प्रतियोगिता हमारे छात्रों की प्रतिभा और ज्ञान को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर था। सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, हम उनकी सफलता पर गर्व करते हैं। स्कूल प्रिंसिपल विल्सन राजन ने विजेता की घोषणा करते हुए कहा की हम यहाँ जीके प्रतियोगिता 2025 के समापन समारोह के लिए एकत्रित हुए हैं। यह प्रतियोगिता न केवल ज्ञान का एक अद्भुत उत्सव थी, बल्कि हमारे छात्रों की प्रतिभा और समर्पण का भी एक शानदार प्रदर्शन था।मैं सबसे पहले सभी प्रतिभागियों को उनकी मेहनत और उत्साह के लिए बधाई देना चाहता हूँ। आप सभी ने अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विशेष रूप से, मैं विजेता टीम आइंस्टाइन को उनकी शानदार जीत के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। उन्होंने न केवल उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि टीम भावना और सहयोग का भी एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। यह प्रतियोगिता हमारे विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण घटना है, जो छात्रों को ज्ञान और प्रतिस्पर्धा के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करती है। यह उन्हें न केवल अपने ज्ञान को बढ़ाने में मदद करती है, बल्कि आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व कौशल विकसित करने में भी सहायक होती है। इस अवसर पर हमारे जुनैद इब्राहिम, यमशुना रूही समेत सभी शिक्षकों, आयोजकों और स्वयंसेवकों को धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिन्होंने इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के बिना यह कार्यक्रम संभव नहीं था। विजेता टीम आइंस्टाइन के इंचार्ज मदिहा तारिक और अन्य सदस्यों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हमने इस प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत की थी, और हमें खुशी है कि हमारी मेहनत रंग लाई।

# जामा मस्जिद हिसा काशातिर गिरफ्तार



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** न्यायालय के आदेशानुसार गठित टीम द्वारा जामा मस्जिद का सर्वे किया जा रहा था जिसमें हिंसक भीड़ द्वारा पुलिस पार्टी एवं सर्वे टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग, आगजीन, पत्थरबाजी की गयी थी, जिस्में हिंसक भीड़ द्वारा की जा रही फायरिंग मे 04 लोगो की मृत्यु हो गयी थी। जिसके सम्बन्ध मे मृतको के परिजनो द्वारा अभियोग पंजीकृत कराया गये थे। जिसमें थाना नखासा जनपद सम्भल में वांछित अभियुक्त गुलाम पुत्र मुख्तार नि. मौ. दीपासराय थाना नखासा जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया गया है अभियुक्त गुलाम द्वारा पूछताछ में बताया गया कि मै सारिक साठा बॉस के साथ असलाह सप्लाई व चोरी की गाड़ियां खरीद फरोख्त का काम करता हूं। कुछ समय से बॉस का काम नही चल रहा था तो बॉस ने प्लान बनाया था कि जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान दिल्ली के वकील, पुलिस पर फायरिंग कर जान से मार देना है। जिससे कि शहर मे दंगा भड़क जाये और हम फिर से अपना व्यापार करने लगे, जिसके लिए बॉस ने हमे अवैध असलाह भी मुहैया कराये थे जिनको मैने मुल्ला अफरोज के माध्यम से अपनी बिरादरी के लोगों मे बांट दिया था।

# पति ने बेदर्दी से पत्नी को मौत के घाट उतारा, फिर खुद की जान लेने की भी कोशिश



**उत्तराखंड।** एक व्यक्ति ने देर रात पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद की भी जान लेने की कोशिश की। घायल अस्पताल में उपचाराधीन है। वहीं, मृतका के परिजनों में कोहराम मचा है। रिखणीखाल थाना क्षेत्र के गांव धामधार निवासी मनोज रावत (40) पुत्र केसर सिंह अपनी पत्नी शशि (30) पुत्री सतपाल सिंह रावत, निवासी कुमाल्डी, रिखणीखाल के साथ कोटद्वार में जल निगम स्टोर के पास किराए के मकान में रह रहा था।

बुधवार-गुरुवार की रात पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई। देर रात मनोज ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और अपनी जान देने के लिए चाकू से गला व दोनों हाथों की नसों को काट लिया। एंबुलेंस से मनोज और शशि को बेस अस्पताल लाया गया। चिकित्सक ने शशि को मृत घोषित कर दिया। वहीं मनोज को अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर रिखणीखाल के गांव कुमाल्डी से मृतका शशि के परिजन अस्पताल पहुंचे। बेटी की मौत से जहां परिजनों में कोहराम मचा था, वहीं घटना को लेकर उनमें काफी गुस्सा भी था। तहसीलदार साक्षी उपाध्याय ने अस्पताल पहुंचकर घायल मनोज रावत के बयान दर्ज किए।

अस्पताल में इस बात को लेकर चर्चा थी कि मनोज ने तनाव में इस घटना को अंजाम दिया। वह पुलिस, अस्पताल कर्मियों और परिजनों से बार-बार पत्नी के बारे में पूछता रहा। हरियाणा पुलिस में उपनिरीक्षक पद से वर्ष 2023 में सेवानिवृत हुए मृतका शशि के पिता सतपाल सिंह रावत ने बताया कि उन्होंने 2013 में पुत्री की शादी मनोज रावत से की थी। तब मनोज होटल मैनेजमेंट से जुड़ी जॉब करता था। कुछ दिन सब कुछ ठीक-ठाक चलने के बाद वह शशि को परेशान करने लगा था। सतपाल सिंह ने बताया कि उनके दो बच्चे होने के बाद परिवार को संभालने के लिए आर्थिक और मानसिक रूप से समय-समय पर मदद करता रहा। यहां तक कि कोरोनाकाल के बाद लाखों रुपये खर्च कर दामाद मनोज को होटल के क्षेत्र में नौकरी करने के लिए जर्मनी भी भेजा था। जहां से वह 6 महीने बाद ही वापस लौट आया और तब से वह पत्नी शशि को ज्यादा परेशान करने लगा था।

# जेलेंस्की ने पुतिन को लेकर दुनिया को चेताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को तानाशाह कहे जाने पर यूरोप और यूक्रेन में खासी नाराजगी देखी जा रही है। इस बयान के बाद जेलेंस्की ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को लेकर दुनिया को चेताया है, उन्होंने कहा कि दुनिया के सामने अब दो ही विकल्प हैंकृया तो वे पुतिन के साथ खड़े हों या शांति के साथ। बुधवार को अपने वीडियो संबोधन में वोलोडिमिर जेलेंस्की ने ट्रंप की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी।



उन्होंने कहा कि भविष्य पुतिन के साथ नहीं, बल्कि शांति के साथ है। यह पूरी दुनिया के लिए एक चुनाव है कृया तो वे पुतिन के साथ होंगे या शांति के साथ। हमें शांति को चुनना चाहिए। वोलोडिमिर जेलेंस्की ने यह भी कहा कि वे गुरुवार को अमेरिकी दूत कीथ केलॉग से मुलाकात करेंगे और अमेरिका के साथ सकारात्मक सहयोग की उम्मीद रखते हैं। वहीं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने जेलेंस्की को अपना समर्थन दिया और कहा कि यूक्रेन में युद्ध के कारण चुनाव नहीं कराना पूरी तरह से उचित है। उन्होंने आगे कहा, युद्ध के दौरान चुनाव न कराने का फैसला यूक्रेन का लोकतांत्रिक अधिकार है, जैसे ब्रिटेन ने द्वितीय विश्व युद्ध के समय किया था। स्टार्मर ने यह भी कहा कि अमेरिका और यूरोप को एकजुट होकर यूक्रेन के समर्थन में काम करना चाहिए। इधर जर्मनी के चांसलर ओलाफशोल्ज ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणी को गलत और खतरनाक बताया।

उन्होंने कहा कि जेलेंस्की यूक्रेन के लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए राष्ट्रपति हैं। युद्ध के दौरान चुनाव न कराना यूक्रेन के संविधान में स्पष्ट रूप से लिखा है। वहीं जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने ट्रंप के बयान को बेतुका करार दिया और कहा कि असली तानाशाही रूस और बेलारूस में देखी जा सकती है, न कि यूक्रेन में। वहीं इससे पहले राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन युद्ध के पहले दिन से ही इसे खत्म करना चाहता था, लेकिन वो ऐसी शांति चाहता है जिससे रूस भविष्य में दोबारा हमला न कर सके।

उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि रूस फिर कभी यूक्रेन पर हमला न करे, हमारे लोग कैद से वापस आएं और हमारे देश का भविष्य सुरक्षित रहे। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज ने बुधवार को बताया कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर यूक्रेन में रूस के युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से अन्य बैठकों के बीच अगले हफ्ते वाशिंगटन का दौरा करेंगे। रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते पर पहुंचने की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने इस बारे में बताया।

## कोल्ड स्टोरेज में भाड़ा वृद्धि से आक्रोश

**मथुरा।** बुधवार को उद्यान निदेशालय लखनऊ में आलू के किराए में कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन द्वारा भाड़ा वृद्धि किए जाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उद्यान निदेशक वीबी द्विवेदी संजीव संयुक्त निदेशक आलू अरविन्द अग्रवाल अध्यक्ष कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक से धर्मेन्द्र मलिक राष्ट्रीय प्रवक्ता हरिनाम सिंह वर्मा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार तोमर मंडल अध्यक्ष आगरा रामस्वरूप वर्मा पूर्वांचल प्रभारी अनार सिंह अन्नू मण्डल अध्यक्ष लखनऊ बबलू दुबे मण्डल अध्यक्ष प्रयागराज रामबरन वर्मा जिलाध्यक्ष बाराबंकी राजेश रावत जिलाध्यक्ष लखनऊ पवन हूण जिलाध्यक्ष हापुड़ नवनीत प्रताप जिलाध्यक्ष मैनपुरी सहित कई लोग शामिल रहे। बैठक में हरिनाम सिंह वर्मा जी ने कहा कि इस बार आलू के दाम गिर रहे हैं।

# हमलों की खबरों को बताया बेबुनियाद

**ढाका।** बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बल के प्रमुख मेजर जनरल मोहम्मद अशरफज्जमां सिद्दीकी ने गुरुवार को अपने देश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरों को बढ़ा-चढ़ाकर बताया और कहा कि अधिकारियों ने उनकी सुरक्षा के लिए कदम उठाए हैं। भारत के सीमा सुरक्षा बल के प्रमुख दलजीत सिंह चौधरी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफज्जमां सिद्दीकी ने कहा कि बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर कुछ स्थानों पर बाड़ लगाने के संबंध में आपत्ति जताई है और उम्मीद है कि भविष्य में इस मुद्दे का समाधान हो जाएगा।



वहीं बीएसएफ प्रमुख दलजीत सिंह चौधरी ने कहा कि 5 अगस्त, 2024 को शेख हसीना सरकार के पतन के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ में काफी कमी आई है। जबकि अल्पसंख्यकों के मुद्दे पर मोहम्मद अशरफज्जमां सिद्दीकी ने कहा, श्बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है।

हमें अल्पसंख्यकों से कई अनुरोध मिले क्योंकि वे डरे हुए थे, लेकिन बीजीबी ने उन्हें आश्वस्त किया कि हम मदद करेंगे। बीजीबी प्रमुख ने कहा कि बीएसएफके साथ उनकी द्विवार्षिक बैठक में बाड़ लगाने से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई क्योंकि यह सबसे अधिक केंद्रित एजेंडा था। उन्होंने कहा कि जहां भी मुद्दे हैं, हमने संयुक्त निरीक्षण का अनुरोध किया है। मोहम्मद अशरफज्जमां सिद्दीकी ने यह भी कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमा संधि को फिर से तैयार करने पर कोई चर्चा नहीं हुई, जिस पर 1975 में सहमति बनी थी। उन्होंने कहा कि यह इस बैठक के दायरे में नहीं था।

यह भारत और बांग्लादेश के बीच द्विवार्षिक डीजी-स्तरीय सीमा वार्ता का 55वां संस्करण था, जिसे उनके संबंधित सीमा सुरक्षा बलों-बीएसएफ और बीजीबी द्वारा आयोजित किया गया था। पिछले साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद दोनों सीमा सुरक्षा बलों के बीच यह पहली शीर्ष स्तरीय बैठक थी। बीएसएफ 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा की रक्षा करता है।

# जेलेंस्की पर भड़के ट्रंप जंग रोकने की कवायदों के बीच दी यह गंभीर चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की पर तीखा हमला बोला है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध में यूरोप से 200 अरब डॉलर ज्यादा खर्च किए हैं, जबकि यूरोप की मदद पक्की है और अमेरिका को इससे कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप ने जेलेंस्की पर अमेरिका को युद्ध में फंसाने का आरोप लगाया और कहा कि यह युद्ध जीता नहीं जा सकता था।



उन्होंने जेलेंस्की को श्बिना चुनावों वाला तानाशाह कहा और दावा किया कि यूक्रेन को अमेरिका के बिना शांति समझौता करने में दिक्कत होगी। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि एक साधारण कॉमेडियन, वोलोडिमिर जेलेंस्की, ने अमेरिका को 350 अरब डॉलर खर्च करने के लिए मना लिया। वह एक ऐसे युद्ध में पैसे लगवा रहे हैं, जो जीता नहीं जा सकता और जिसे शुरू करने की जरूरत ही नहीं थी।

अमेरिका ने यूरोप से 200 अरब डॉलर ज्यादा खर्च किए, लेकिन अमेरिका को कुछ भी वापस नहीं मिलेगा। इस दौरान ट्रंप ने सवाल उठाया कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूरोप से बराबर मदद क्यों नहीं मांगी, क्योंकि यह युद्ध अमेरिका से ज्यादा यूरोप के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने जेलेंस्की पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि आधी मदद का हिसाब ही नहीं मिल रहा। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जेलेंस्की को जल्दी कदम उठाना चाहिए, वरना यूक्रेन खत्म हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार होती तो यह युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता।

ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका और रूस के बीच युद्ध खत्म करने पर बातचीत हो रही है और केवल वही इस युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। उन्होंने बाइडन प्रशासन और यूरोप पर शांति लाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मैं यूक्रेन से प्यार करता हूं, लेकिन जेलेंस्की ने देश को बर्बाद कर दिया है। लाखों लोगों की जान चली गई और यह सिलसिला जारी है। यह युद्ध पूरी तरह से बेकार है और इसे जल्द से जल्द खत्म करना चाहिए।

## टैक्स विभाग में कर्मचारियों छंटनी की तैयारी शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप सरकार द्वारा लगातार सरकार की लागत में कटौती करने की कोशिश की जा रही है। इसी के तहत संघीय सरकार में कर्मचारियों की संख्या को कम किया जा रहा और हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है। इसी तहत अमेरिका सरकार टैक्स इकट्ठा करने वाले विभाग आईआरएस में बड़े पैमाने पर छंटनी करने जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आईआरएस विभाग में 7000 कर्मचारियों की छंटनी की जा सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, छंटनी में प्रोबेशनरी कर्मचारियों को निकालने की तैयारी है। खासकर वो कर्मचारी, जो अनुपालन काम से जुड़े हैं। अनुपालन काम के तहत कर्मचारी ये सुनिश्चित करते हैं कि करदाता कर संहिता का पालन करें, अपना आयकर रिटर्न दाखिल करें। छंटनी में उन प्रोबेशनरी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जाएगा।

# सीएम एमके स्टालिन ने पीएम से की अपील, तमिलनाडु के लिए समग्र शिक्षा अभियान की निधि की जाए जारी

**तमिलनाडु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि वे हस्तक्षेप कर राज्य के लिए समग्र शिक्षा अभियान के 2 हजार 152 करोड़ रुपये की निधि जल्द जारी करें। उन्होंने कहा कि सहकारी संघवाद और लाखों छात्रों व शिक्षकों के हित में यह फैसला लिया जाना चाहिए।



सीएम स्टालिन ने अपने पत्र में कहा कि एसएसए फंड को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और पीएम श्री स्कूल योजना से जोड़ना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि तमिलनाडु के लिए इस फंड को तुरंत जारी किया जाए, बिना इसे एनईपी 2020 के क्रियान्वयन या तीन-भाषा नीति से जोड़े। सीएम स्टालिन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के हालिया बयान पर चिंता जताई, जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि जब तक तमिलनाडु एनईपी और तीन-भाषा नीति को पूरी तरह लागू नहीं करता, तब तक एसएसए फंड जारी नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह फैसला छात्रों, राजनीतिक दलों और आम जनता में भारी चिंता और असंतोष पैदा कर रहा है। तमिलनाडु पिछले कई दशकों से दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) का पालन कर रहा है और यह नीति राज्य की शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक संरचना की जड़ में है। इसी कारण से राज्य को 'राजभाषा अधिनियम, 1963' से छूट दी गई थी। सीएम स्टालिन ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य पर दबाव बनाने के लिए एसएसए फंड को रोक रही है, ताकि तमिलनाडु जबरन एनईपी 2020 को लागू करने के लिए मजबूर हो जाए। उन्होंने इसे सहकारी संघवाद के खिलाफ और राज्यों के अधिकारों का उल्लंघन बताया।

उन्होंने यह भी कहा कि फंड न मिलने से शिक्षकों के वेतन, छात्रों की कल्याणकारी योजनाएं, समावेशी शिक्षा कार्यक्रम, गरीब छात्रों के लिए आरटीई की फीस भरपाई और दूर-दराज के इलाकों में छात्रों के परिवहन जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। इसके साथ ही सीएम स्टालिन ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देंगे और तमिलनाडु को एसएसए फंड जल्द से जल्द जारी किया जाएगा।

# स्वतंत्र एजेंसियों पर व्हाइट हाउस का सीधा नियंत्रण

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया कार्यकारी आदेश जारी किया है, जिससे व्हाइट हाउस को स्वतंत्र संघीय एजेंसियों पर अधिक नियंत्रण मिल सकेगा। इनमें सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी), फेडरल ट्रेड कमीशन (एफटीसी) और फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन (एफसीसी) जैसी एजेंसियां शामिल हैं।



यह आदेश वित्तीय प्रणाली, उपभोक्ता संरक्षण और संचार के क्षेत्र में सरकारी निगरानी को भी प्रभावित करेगा। इससे राष्ट्रपति को यह तय करने की ताकत मिलेगी कि इन एजेंसियों की प्राथमिकताएं क्या हों और वे किन क्षेत्रों में काम करें। बता दें कि, ट्रंप प्रशासन का मानना है कि स्वतंत्र एजेंसियां राष्ट्रपति की नीतियों को कमजोर कर सकती हैं। इसलिए, यह आदेश यह सुनिश्चित करेगा कि ये एजेंसियां राष्ट्रपति के एजेंडे के अनुसार काम करें। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने आदेश में लिखा, श्अमेरिकी जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए यह जरूरी है कि इन एजेंसियों को राष्ट्रपति के नियंत्रण में लाया जाए। ट्रंप प्रशासन के इस नए आदेश का कई विशेषज्ञों और संगठनों ने विरोध किया है।

सेंटर फॉर डेमोक्रेसी एंड टेक्नोलॉजी की सीईओ अलेक्जेंड्रा रीव गिवेंस ने इसे खतरनाक कदम बताया। उन्होंने कहा, श्यह आदेश स्वतंत्र एजेंसियों को राजनीति के अधीन कर देगा और उनके काम को प्रभावित करेगा। वहीं जॉर्ज वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रोजर नोबर ने इसे बहुत बड़ा बदलाव बताया। उन्होंने कहा कि यह आदेश श्स्वतंत्र नियामक एजेंसियों की स्वायत्तता को सीमित कर सकता है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह नया आदेश फेडरल रिजर्व को भी प्रभावित करेगा, जो अमेरिका की मौद्रिक नीतियों को तय करता है। हालांकि, फेडरल रिजर्व अभी भी ब्याज दरें निर्धारित करने में स्वतंत्र रहेगा। वहीं फेडरल रिजर्व के प्रवक्ता ने इस आदेश पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। वहीं इस आदेश को लेकर कानूनी लड़ाई शुरू होने की संभावना है। कैपिटल अल्फा के नीति विशेषज्ञ इयान कैट्ज के अनुसार, श्ट्रंप प्रशासन को उम्मीद है कि इस आदेश को अदालत में चुनौती दी जाएगी।

## तूफान के चलते हुई भारी बर्फबारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कई इलाकों में ठंड का कहर जारी है। बुधवार को उत्तरी कैरोलिना और वर्जीनिया के कुछ हिस्सों में तूफान आया, जिसकी वजह से भारी बर्फबारी हुई। बर्फबारी के चलते सड़कों पर सैंकड़ों दुर्घटनाएं रिपोर्ट हुईं। फिलहाल अधिकारियों ने हालात को देखते हुए लोगों को घरों के भीतर ही रहने की सलाह दी है।

अमेरिका के टेनेसी और ओहायो में पहले से ही ठंड का कहर जारी है। गौरतलब है कि टेनेसी और ओहायो पहले ही बाढ़ की समस्या से जूझ रहे हैं, अब ठंड ने लोगों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है। अमेरिका के राष्ट्रीय मौसम सेवा विभाग ने आशंका जताई है कि गुरुवार को वर्जीनिया से अटलांटिक तट तक 25 सेंटीमीटर तक बर्फबारी होने की आशंका है।

# हमास इस्राइली बंधकों के शव लौटाएगा

**यरुशलम।** हमास गुरुवार को चार इस्राइली बंधकों के शव लौटाएगा। इनमें एक मां और उसके दो छोटे बच्चे शामिल हैं। इनमें से एक बच्चा जब 7 अक्तूबर 2023 के दिन अगवा किया गया था, उस समय वह सिर्फ नौ महीने का था और वह बंधकों में सबसे छोटा था। जिन बंधकों के शव इस्राइल को सौंपे जाएंगे, उनमें शिरी बिबास, उनके दो बच्चे एरियल बिबास और कफिर बिबास और ओडेड लिफसिट्ज के शव शामिल हैं।



हमास ने बीते साल नवंबर में ही दावा कर दिया था कि शिरी बिबास और उनके दोनों बच्चे इस्राइली हवाई हमले में मारे गए। हालांकि इस्राइल ने हमास के इस दावे को नहीं माना था। हमास के आतंकियों ने 7 अक्तूबर के हमले के दौरान पूरे बिबास परिवार को अगवा किया था। शिरी बिबास के पति यार्देन बिबास को बीते दिनों ही हमास ने रिहा किया है।

बिबास परिवार के सदस्यों के शव वापस आने पर इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इससे पूरे इस्राइल का दिल टूट गया है। शनिवार को हमास द्वारा छह इस्राइली बंधकों को भी रिहा किया जाएगा। इसके बदले में इस्राइल भी सैंकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। शवों के मिलने के बाद इस्राइल उनकी जांच कराएगा और जांच के बाद ही मृतकों की पहचान की पुष्टि की जाएगी। ओडेड लिफशिट्ज को उनकी पत्नी के साथ किबुत्ज नीर ओज से अगवा किया गया था। जब ओडेड को अगवा किया गया था, उस वक्त उनकी उम्र 83 साल थी।

उल्लेखनीय है कि ओडेड पत्रकार थे और वे फलस्तीनियों को भी अधिकार देने और शांति के मुखर पक्षधर थे। पहले चरण के युद्धविराम समझौते के तहत 24 जीवित बंधक इस्राइल लौटे हैं। हालांकि बिबास परिवार के शव मिलने से इस्राइल में शोक की लहर और गुस्सा है। आशंका है कि इससे दूसरे चरण के युद्धविराम समझौते के लिए खतरा पैदा हो गया है क्योंकि दोनों पक्षों में दूसरे चरण के समझौते के लिए अभी बातचीत चल रही है।

# अदालत में पेश हुए दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून

**नई दिल्ली।** महाभियोग झेल रहे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल गुरुवार को दो अदालतों में पेश हुए। यून सुक योल के खिलाफ देश में आपातकाल लागू करने के मामले में सुनवाई चल रही है। साथ ही यून सुक योल ने उनके खिलाफ चल रही महाभियोग कार्रवाई को भी चुनौती दी है। एक मामला आपराधिक है और दूसरा महाभियोग से जुड़ा है।



दोनों मामलों की सुनवाई अलग-अलग अदालत में चल रही है। गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच यून सुक योल को सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में पेश किया गया। बीते साल दिसंबर में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने देश में मार्शल लॉ लागू करने का एलान किया था। हालांकि जनता और विपक्ष के भारी विरोध के बाद कुछ घंटे बाद ही सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ा था।

राष्ट्रपति यून सुक योल ने दावा किया कि देश को उत्तर कोरिया और देश विरोधी ताकतों से खतरा है। हालांकि विपक्ष और जनता ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया। मार्शल लॉ लगाने के कुछ घंटे बाद ही हजारों लोग दक्षिण कोरियाई संसद के सामने इकट्ठा हो गए और मार्शल लॉ को लागू करने के फैसले को निरस्त करने की मांग की।

भारी दबाव के बाद राष्ट्रपति को अपना फैसला वापस लेना पड़ा।यून सुक योल की अपनी पार्टी और विपक्षी पार्टियों ने भी यून सुक योल के फैसले को गलत बताया। मार्शल लॉ में देश का शासन सेना के हाथ में आ जाता है। यून के साथ ही दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी की पूर्व उप-निदेशक होंग जोंग वोन को भी अदालत में पेश किया गया।

## द्विपक्षीय रिश्ते मजबूत करेंगे अमेरिका-रूस

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका और रूस के रिश्तों पर जमी बर्फपिघलने लगी है। सऊदी अरब के रियाद में मंगलवार को हुई बैठक में रूस-अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध शांति से पहले आपसी रिश्ते सुधारने के लिए तैयार हो गए हैं। करीब साढ़े चार घंटे की बैठक में दोनों देशों के अधिकारियों ने जल्द से जल्द अपने दूतावासों को बहाल करने पर सहमति जताई। जल्द ही दूतावास में कर्मियों की भर्ती की जाएगी, ताकि दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति न बने। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद दोनों देशों ने दूतावास से कर्मचारियों को निकाल दिया था।

# विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए अफ्रीका जाएंगे जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए आज दक्षिण अफ्रीका की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यात्रा के दौरान विदेश मंत्री की ओर से कुछ द्विपक्षीय बैठकें करने की संभावना है। इससे पहले अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि वे जी20 विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में शामिल नहीं होंगे।



उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की नीतियों को अमेरिका के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ बताया। रुबियो अपनी पहली पश्चिम एशिया यात्रा के बाद अमेरिका लौटे हैं, जहां उन्होंने यूक्रेन युद्ध पर रूस के साथ बातचीत की थी। उन्होंने रियाद में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बैठक की थी। रुबियो ने मंगलवार को फ्रांस, जर्मनी, इटली, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की, ताकि वह लावरोव के साथ अपनी बैठक पूरी जानकारी साझा कर सकें। दक्षिण अफ्रीका ने इस साल जी20 की अध्यक्षता संभाली है और उसने सम्मेलन का विषय एकजुटता, समानता और स्थिरता चुना है।

हालांकि, रुबियो ने इस विषय को अमेरिका के हितों के खिलाफ बताया और कहा कि दक्षिण अफ्रीका इस सम्मेलन का उपयोग विविधता, समानता और समावेशन जैसे मुद्दों को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है, जो उनके अनुसार अमेरिका की प्राथमिकताओं से मेल नहीं खाते हैं। रुबियो ने इस महीने की शुरुआत में एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि वह नवंबर में होने वाले जी20 सम्मेलन में भी भाग नहीं लेंगे, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका इस सम्मेलन का उपयोग जलवायु परिवर्तन और विविधता जैसे मुद्दों को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है।

उन्होंने यह भी कहा, मेरा काम अमेरिका के राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाना है, न कि करदाताओं के पैसे को बर्बाद करना या अमेरिका विरोधी नीतियों का समर्थन करना।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941

